

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 04 जुलाई 2025 ■ आषाढ़ शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष -41 ■ अंक-097 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 05 जुलाई 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112







## रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट का एक और फर्जीवाड़ा !

### विद्यार्थियों से वसूली तीन गुना ज्यादा फीस

**रायपुर,4 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट में फर्जीवाड़े के एक के बाद एक कई मामले सामने आ रहे हैं। अपनी ऊँची पहुंच का फायदा उठाकर इस संस्थान ने नियमों को ताक पर रखकर एक नहीं अनेक काम किये हैं। नया मामला सामने आया है फार्मेसी पाठ्यक्रमों में मनमानी फीस वसूलने का। निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग को फीस तय करने का अधिकार ही नहीं है ।लेकिन इसके बाद भी रावतपुरा कालेज प्रबंधन की पहुंच और दबदबे के आगे आयोग में बैठे अफसरों ने कालेज प्रबंधन के अनुसार फीस के लिए आदेश जारी कर दिया।



गौरतलब है कि निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग ने 20 सितंबर 2024 को अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाते हुए D.Pharma/B.Pharma/M.Pharma में प्रवेश के लिए फीस तय कर दी। वह भी तय फीस से तीन गुना से अधिक। नियमानुसार आयोग को वर्ष 2008 के बाद से व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की फीस तय करने का अधिकार ही नहीं है। ऐसा नहीं है कि आयोग के अधिकारियों को इस बात की जानकारी नहीं थी, इसके बाद भी इतने बड़े फर्जीवाड़े को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया।

फार्मेसी पाठ्यक्रमों की फीस तय करने के लिए उचित और वैधानिक संस्था का गठन राज्य सरकार ने वर्ष 2008 में कर दिया था। व्यवसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश व फीस तय करने का अधिकार फीस विनियामक समिति को दिया गया है। यही एक वैधानिक समिति है, जो राज्य के सभी व्यवसायिक पाठ्यक्रमों को संचालित करने वाली संस्थाओं के लिए फीस तय करती है। इसी समिति के आदेश से तय हुई फीस के आधार पर राज्य शासन आदेश निकालती है। फीस विनियामक समिति ही छात्रवृत्ति की राशि भी तय करती है, लेकिन रावतपुरा संस्थान के ऊंची पहुंच के कारण इस संस्थान की फीस दो अलग-अलग विभाग द्वारा तय कराया गया। समिति द्वारा तय फीस 39300 रुपए को निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग से दुबारा तय कराकर एक लाख बीस हजार रूपये करा लिया गया और विद्यार्थियों से मनमानी फीस वसूली गई।

### रावतपुरा सरकार और रेरा अध्यक्ष शुक्ला पर भी एफआईआर

देशभर के निजी मेडिकल कॉलेजों को मान्यता दिलाने में चल रहे बड़े भ्रष्टाचार रोज नये नये खुलासे हो रहे हैं। सीबीआई ने इस मामले में रावतपुरा सरकार के नाम से मशहूर रविशंकर महाराज और सेवानिवृत्त आईएफएस और वर्तमान में रेरा अध्यक्ष संजय शुक्ला के साथ साथ कुल 35 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है । इस रैकेट में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) के अधिकारी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अफसर और कई निजी मेडिकल कॉलेजों के डायरेक्टर और डॉक्टर शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला 1.62 करोड़ रुपये के रिश्वतकांड से जुड़ा है। सीबीआई ने बीते 1 जुलाई को रायपुर के श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च में छापा मारा था। आरोप है कि कॉलेज के डायरेक्टर अतुल कुमार तिवारी ने संस्थान के पक्ष में रिपोर्ट बनवाने के लिए निरीक्षण टीम को 55 लाख रुपये की रिश्वत ऑफर की थी।


## संक्षेप

### अमरनाथ यात्रा : पहले दिन 12 हजार से अधिक भक्तों ने किए दर्शन

**श्रीनगर ,4 जुलाई।** अमरनाथ यात्रा के लिए शुक्रवार को जम्मू से एक और जत्था भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना हुआ। इस जत्थे में 6411 तीर्थयात्री शामिल थे। अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार सुबह भगवती नगर यात्रा निवास से 291 वाहनों के दो सुरक्षा काफिलों में कुल 6411 यात्री कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुए। इनमें से 2789 यात्री बालटाल बेस कैंप की ओर जा रहे हैं, जबकि 3622 यात्री पहलगाम बेस कैंप जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि 38 दिनों तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा के पहले दिन, गुरुवार को 12300 यात्रियों ने पवित्र गुफा में दर्शन किए। यात्रा के दौरान श्रद्धालु 'बम बम भोले' और 'हर हर महादेव' के जयकारों के साथ उत्साहपूर्वक तीर्थ कर रहे हैं। सुरक्षा के विषय पर तीर्थयात्रियों ने कहा, उन्हें पाकिस्तान या उसके भाड़े के एजेंटों से कोई डर नहीं है। वो भगवान शिव के आह्वान पर यात्रा कर रहे हैं और उन्हीं की कृपा में सुरक्षित महसूस करते हैं।

### मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में हाईकोर्ट ने ईदगाह को 'विवादित ढांचा' मानने से किया इंकार

**मथुरा,4 जुलाई।** स्थित श्री कृष्ण जन्मभूमि- शाही ईदगाह मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है. कोर्ट ने शाही ईदगाह को विवादित परिसर मानने से इनकार कर दिया है. यह फैसला जस्टिस राम मनोहर मिश्रा की सिंगल बेंच ने सुनाया. कोर्ट ने कहा कि मौजूद तथ्यों और याचिका के आधार पर ईदगाह को फिलहाल विवादित ढांचा घोषित नहीं किया जा सकता. हिंदू पक्ष की ओर से दावा किया गया था कि ईदगाह का निर्माण श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर स्थित प्राचीन मंदिर को तोड़कर किया गया.हिंदू पक्ष के पक्षकार



महेंद्र प्रताप सिंह ने हाईकोर्ट में 5 मार्च 2025 को मथुरा स्थित शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किए जाने की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दाखिल किया था. इस पर 23 मई को इलाहाबाद हाईकोर्ट में बहस पूरी हो गई और कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था. हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने मासिर ए आलम गिरी से लेकर मथुरा के कलेक्टर रहे एफएस ग्राउस तक के समय में लिखी गई इतिहास की पुस्तकों का हवाला देते हुए कोर्ट के समक्ष मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने की मांग की थी

## शाह और नड्डा लेंगे फुटू, कोचई पत्ता की सब्जी जैसे पारंपरिक व्यंजनों का जायका



**अंबिकापुर,4 जुलाई।** मैनपाट में भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को लेकर संगठन व प्रशासन ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। शैला रिसार्ट-करमा रिसार्ट को पूरी तरह से नया रंग रूप दिया जा रहा है। फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह व केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के रुकने की व्यवस्था की जा रही है। फॉरेस्ट रेस्ट हाउस को नया स्वरुप दिया जा रहा है। इसके लिए रायपुर- भोपाल की बड़ी इवेंट कंपनियों को मैदान में उतारा गया है। करमा रिसार्ट, शैला रिसार्ट के कमरों के साथ ही मैनपाट के सभी निजी होटल बुक किए गए है।

### फेंदेलिंग कम्युनिटी हॉल के आसपास परिंदा भी नहीं भटकेगा

तिब्बतियों के कैम्प नम्बर एक को इस प्रशिक्षण शिविर का पॉवर सेंटर बनाया जा रहा है। कैंप नम्बर एक में स्थित फेंदेलिंग कम्युनिटी हॉल में ही तीनों दिन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित सूबे के सभी मंत्रियों, राज्य सभा सांसद, लोकसभा सांसद एवं सभी विधायकों की कक्षाएं लगेंगी। इस कम्युनिटी हाल के पांच सौ मीटर के दायरे में संगठन के टॉप नेताओं के अलावा किसी को भी आने की अनुमति नहीं होगी। अब जब शिविर के आयोजन में मात्र दो दिन ही शेष रह गए हैं तो पूरे संगठन एवं प्रशासन ने अपनी ताकत झोंक दी है।

### फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में नड्डा और शाह रुकेंगे

मैनपाट के फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह साथ ही केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान रुकेंगे। इस रेस्ट हाउस को पूरी तरह से नया रूप दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पीडब्ल्यूडी के रेस्ट हाउस में रुकेंगे। क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश के संगठन मंत्री पवन साय कैंप नम्बर एक के डोलमा रेस्ट हाउस में रुकेंगे। प्रशिक्षण शिविर में आ रहे व्हीआईपी नेताओं को सरगुजा के परम्परागत व्यंजन को चखने का अवसर मिलेगा। सरगुजा में लजीज व्यंजनों में शामिल फुटू, कोचई पत्ता की सब्जी, पुआ रोटी के साथ लकड़ा चटनी एवं पेज भात भी अतिथियों को परोसा जाएगा।

### शिविर का उद्घाटन नड्डा करेंगे समापन में आएंगे शाह

तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में संगठन और सत्ता के राष्ट्रीय प्रमुख, राष्ट्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, संगठन मंत्री बीएल संतोष, शिव प्रकाश, केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान सहित बारह प्रमुख लोग मंत्री-विधायकों को प्रशिक्षण देंगे। शिविर के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल होंगे। समापन समारोह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में होगा। इस शिविर के आखिरी दिन संभाग के सभी जिला पंचायत सदस्य एवं महापौर भी शामिल.

## नशे में धुत युवक ने 5 लोगों को कुचला, 3 की मौत

**कोरबा,4 जुलाई**



छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया. नशेड़ी युवक की बेकाबू कार ने दो बाइक और साइकिल को टक्कर मारने के बाद विपरीत दिशा से आ रही बाइक को चपेट में ले लिया. कार चालक ने लगभग 100-150 मीटर तक घसीटता रहा. कार सड़क किनारे लगे साइन बोर्ड से टकराई, जिससे एयरबैग खुला और गाड़ी रुकी. इस दर्दनाक हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. पूरी घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है. जानकारी के मुताबिक, कार चालक राहुल यादव ने पहले आईटीआई चौक से कुछ दूर पर टीवीएस चैम्प और यामाहा मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. कार चालक ने नियंत्रण खो दिया और एक साइकिल सवार को भी अपनी चपेट में ले लिया. अभी भी उसने कार नहीं रोकी, विपरीत दिशा से आ रही बाइक को घसीटते हुए 100-150 मीटर तक दूर ले गया. कार और अन्य वाहनें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई. आरोपी चालक राहुल यादव के हाथ में फ्रैक्चर था, इसके बावजूद वह तेज रफ्तार में कार चला रहा था. वहीं दुर्घटना में घायल हुए 5 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिनमें से 3 लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई है.

### सीसीटीवी फुटेज आया सामने

हादसे के बाद आक्रोशित भीड़ ने कार चालक राहुल यादव की जमकर पिटाई कर दी. सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद चालक को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में लिया. आरोपी के पिता लाइन मेन का काम करते हैं. आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 और धारा 110 गंभीर धाराओ के तहत मामला दर्ज किया गया है.

### आरोपी कार चालक गिरफ्तार

कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है. वहीं हादसे में पथरीपारा निवासी (75 साल) मोहम्मद इसराइल और आईटीआई निवासी (21 साल) छोटे लाल साहनी की मौत हो गई है. वहीं 2 लोग घायल है, जिनका ईलाज जारी है.

## बिहार की बेटी को पीएम मोदी ने दिया खास तोहफा

**नई दिल्ली,4 जुलाई।** पीएम मोदी का पहला त्रिबिनाद दौरा और साड़ी व कुर्ते पजामे में कैबिनेट मंत्रियों ने उनका स्वागत किया। रामायण वेश भूषा के साथ जय श्री राम के नारे और बिहार का लोकगीत भोजपुरी चौताल कुछ इसी अंदाज में कैरेबियाई देश त्रिनिनाद टोबैगो में पीएम मोदी का स्वागत हुआ। व्यवहार ऐसा मानो भारत से निकलकर भारत पहुंच गए हो। कैरेबियाई देश त्रिनिदाद एवं टोबैगो का ये स्वागत भारत और प्रधानमंत्री मोदी कभी नहीं भूलने वाले। तभी तो त्रिनिनाद पहुंचचे ही पीएम मोदी को बिहार याद आ गया। पीएम मोदी जब त्रिनिदाद एवं टोबैगो पहुंचे तो



उन्होंने भारतीय समुदाय को संबोधित किया। तब भावुक होकर उन्होंने बिहार की यादों को ताजा कर दिया। अपने भाषण में पीएम मोदी ने कहा कि इस देश में रहने वाले बहुत से लोगों के पूर्वज भारत विशेषकर भारत से आए थे। गिरमिटियाकाल के दौरान जब लाखों भारतीयों को काम के लिए विदेश भेजा गया तो बड़ी संख्या में बिहार से लोग त्रिनिनाद पहुंचे और यहीं बस गए।

कहने के लिए तो त्रिनिदाद एवं टोबैगो कैरेबियाई देश है। लेकिन त्रिनिदाद एवं टोबैगो की आबादी लगभग 13 लाख है, जिनमें से 45 प्रतिशत भारतीय मूल के लोग हैं। जितनी आबादी प्रधानमंत्री मोदी की बातों में उतना ही भारत नजर आ रहा था। इसलिए पीएम मोदी बिहार की बेटी के लिए कुछ खास तोहफे लेकर गए। बिहार की बेटी कहकर ही पीएम मोदी ने त्रिनिदाद एवं टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद को लेकर। मोदी ने कहा कि त्रिनिदाद एवं टोबैगो में भारतीय समुदाय की यात्रा साहस से भरी है। आपके पूर्वजों ने जिन परिस्थितियों का सामना किया, वे सबसे मजबूत लोगों को भी तोड़ सकती थीं लेकिन उन्होंने उम्मीद के साथ कठिनाइयों का सामना किया। उन्होंने समस्याओं का डटकर सामना किया।

## हथकड़ी लगाकर 250 अवैध बांग्लादेशियों को किया गया डिपोर्ट

**गांधीनगर,4 जुलाई।** एक बड़ी कार्रवाई में 250 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को गुजरात से ढाका भेजा गया। वडोदरा एयरफोर्स स्टेशन से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से यह निर्वासन किया गया। ऑपरेशन को सुरक्षित तरीके से अंजाम देने के लिए कड़े सुरक्षा उपाय किए गए थे। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सभी बांग्लादेशी नागरिकों के हाथ हथकड़ी से बांध दिए गए थे। उन्हें राज्य के विभिन्न हिस्सों से बसों में पुलिस सुरक्षा के तहत हवाई अड्डे तक लाया गया। यह कार्रवाई गुजरात में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी अप्रवासियों के खिलाफ चल रही बड़ी कार्रवाई का हिस्सा है। पिछले दो महीनों में, राज्य में अवैध रूप से रह रहे 1,200 से अधिक बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान की गई है और उन्हें निर्वासित किया गया है। राज्य सरकार, केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय में, सभी अनधिकृत विदेशी नागरिकों को निकालने के प्रयासों को तेज कर रही है।



यह अभियान अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा और राजकोट सहित प्रमुख शहरी केंद्रों में सबसे ज़्यादा सक्रिय रहा है। इन शहरों में अवैध प्रवासियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जिसके कारण पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने निगरानी और सत्यापन को बढ़ा दिया है। अभियान के हिस्से के रूप में, अधिकारी नकली पहचान पत्रों का उपयोग करके भारत में रहने वाले व्यक्तियों की पहचान करने के लिए गहन दस्तावेज़ जाँच कर रहे हैं।

## पाकिस्तान को 'लाइव लैब' की तरह इस्तेमाल कर रहा था चीन , ऑपरेशन सिंदूर पर सेना का चौंकाने वाला खुलासा

**नई दिल्ली,5 जुलाई।** भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की थी. पहलगाम में हुए हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकियों का सफाया किया था. अब ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना की तरफ से बड़ा खुलासा हुआ है. सेना के डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने एक कार्यक्रम के दौरान बताया कि पाकिस्तान ने पिछले पांच सालों में जितने हथियार इस्तेमाल किए हैं, वे 81 प्रतिशत चीन के हैं.



लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने एफआईसीसीआई के एक कार्यक्रम में कहा, "एक युद्ध तो बॉर्डर पर चल रहा था, लेकिन विरोधी तीन थे. पाकिस्तान मोर्चे पर हमारे खिलाफ खड़ा था और चीन उसकी हर संभव सहायता कर रहा था. इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है कि पाकिस्तान ने पिछले पांच सालों में जितने हथियार इस्तेमाल किए हैं, उनमें 81 प्रतिशत चीन के ही हैं. चीन ने अपने हथियारों का टेस्ट कर लिया. उसने लाइव लैब की तरह इस्तेमाल किया. तुर्किए ने भी पाकिस्तान की मदद की. वह पाकिस्तान के साथ ही था."

### भविष्य के लिए तैयारी जरूरी

उन्होंने कहा कि जब भारत और पाक दोनों ओर से डीजीएमओ स्तर की बातचीत चल रही थी तब चीन हमारे वेक्टर्स का लाइव अपडेट पाकिस्तान को दे रहा था. लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने कहा कि हमें मजबूत एयर डिफेंस की जरूरत है, जिससे भविष्य इस तरह की किसी भी चुनौती से लड़ा जा सके. उन्होंने यह भी कहा कि हमारे देश में बने हथियारों ने अहम भूमिका निभाई और उनका प्रदर्शन भी अच्छा रहा.

## तालिबान सरकार को रूस ने दी मान्यता

**मास्को,4 जुलाई।** रूस दुनिया का पहला देश बना है, जिसने आधिकारिक तौर पर अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज तालिबान सरकार को मान्यता दी है. यह फैसला न सिर्फ मध्य एशिया की राजनीति को प्रभावित करता है, बल्कि इससे यह सवाल भी उठता है कि दुनिया के कौन-कौन से देश अब भी तालिबान को एक आतंकी संगठन मानते हैं. चलिए, आपको बताते हैं कि दुनिया के कौन कौन से देश अभी भी तालिबान को आतंकी संगठन मानते हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रूस की राजधानी मॉस्को में अफगानिस्तान के दूतावास पर तालिबान का झंडा फहराया गया है. यह कदम ऐसे समय में आया है जब तालिबान ने अगस्त 2021 में अमेरिका की वापसी के बाद अफगानिस्तान की सत्ता दोबारा हासिल की थी. तब से अब तक अधिकांश देश सतर्कता के साथ तालिबान से दूरी बनाए हुए हैं, लेकिन रूस का यह रुख अंतरराष्ट्रीय राजनीति में एक नया अध्याय जोड़ दिया है.



रूस के इस फैसले के पीछे कई रणनीतिक कारण हैं. रूस चाहता है कि तालिबान अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल अन्य आतंकी संगठनों जैसे ISIS-K या अल-कायदा के लिए न होने दे. मध्य एशिया में स्थिरता बनाए रखने के लिए रूस को अफगानिस्तान में एक मजबूत शासन की जरूरत है. अफगानिस्तान के खनिज संसाधनों और व्यापारिक मार्गों में रूस की दिलचस्पी है. रूस ने तालिबान को मान्यता दी है, लेकिन कुछ देश अब भी इसे आतंकी संगठन मानते हैं. भारत ने अब तक तालिबान को आधिकारिक मान्यता नहीं दी है और इसे सतर्क निगाहों से देखता है. पाकिस्तान के साथ हुए विवाद के बाद दोनों देशों में नजदीकियां देखने को मिली थी. अमेरिका ने भले ही काबुल से सेना हटा ली हो, लेकिन अब तक तालिबान को आतंकवादी संगठन की श्रेणी में ही रखता है इसके खिलाफ कई प्रतिबंध भी लागू हैं. इस लिस्ट में कनाडा का नाम भी शामिल है.

## एक नजर

### सीसीटीवी कैमरा चोरी,2 गिरफ्तार



**भिलाई, 4 जुलाई।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के मंगल बाजार पुरानी बस्ती निवासी चंद्रशेखर तिवारी के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे ही चोर उड़ा ले गए चंद्रशेखर ने ये कैमरे में चोरों से बचाव के लिए लगा रखे थे सूचना पर जामुल पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की इसके बाद आरोपी पकड़े गए आरोपियों में विक्की पिता रंजीत सिंह ( 27 साल ) निवासी युवा अंकुश चौक, समीर उर्फ सम्मी पिता निशार खान ( 20 साल )शामिल है दोनों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया जामुल टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि चन्द्रशेखर की शिकायत पर अपराध दर्ज कर मामले में जांच शुरू की गई। घटना 28 जून की रात की बताई गई कैमरों की कीमत 12 हजार थी पुलिस ने आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों को खंगाला इसमें दो संदिग्ध युवक नजर आए उनके बारे में पतासाजी की गई उन्हें पकड़कर पूछताछ की गई आरोपियों ने चोरी की घटना को स्वीकारा इसके बाद पुलिस ने उन्हें आरोपी बनाते हुए कोर्ट में पेश किया ।

### आगजनी का फरार आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 4 जुलाई।** भिलाई घर में आग लगाने वाले फरार आरोपी को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने बताया कि पत्नी से विवाद के चलते आरोपी पति ने घटना को अंजाम दिया था वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया निवासी रामनगर भिलाई ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 9 जून को प्रार्थिया के पति जगराखन मेश्राम प्रार्थिया की अनुपस्थिति में मकान में आग लगा दिया जिससे घर का सारा सामान, आलमारी के कपड़े, पलंग आदि जल जाने की रिपोर्ट पर थाना वैशाली नगर में धारा 326 (जी) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया आरोपी के जवाहर नगर कचरा भट्टी के आसपास देखे जाने की सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंच कर आरोपी जगराखन मेश्राम को पकड़कर थाना लाया गया आरोपी से पूछताछ करने पर प्रार्थिया से विवाद होने पर गुस्से में आकर सुपेला के पेट्रोल पंप से पेट्रोल लाकर घर में छिड़कर आग लगा दिया तथा घर में रखे मोबाईल व गाड़ी को लेकर अपने गांव बहेराभाठा चले जाना बताया। आरोपी जगराखन मेश्राम (34 साल ) निवासी बालाघाट थाना साल्हेटेकरी मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया है।

### लाइसेंस के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

**भिलाई, 4 जुलाई।** भिलाई शासकीय उचित मूल्य की दुकान का लाइसेंस दिलवाने के नाम पर तीन लाख रुपये धोखाधड़ी का मामला सामने आया है न्यायालय के आदेश पर जामुल पुलिस ने मामले में आरोपी सोनामणी चौधरी व रितेश शर्मा के विरुद्ध धारा 420, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है जामुल पुलिस ने बताया कि प्रार्थी ग्राम कुरुद गांव निवासी सूरज कुमार साव की शारदा विद्यालय के पास वैशालीनगर निवासी सोनामणी चौधरी (59 साल) से पुरानी जान पहचान थी सोनामणी चौधरी नगर निगम भिलाई के जोन-2 में कार्यरत थी सोनामणी का प्रार्थी के घर आना जाना भी था इस दौरान सोनामणी ने प्रार्थी को आश्वस्त किया कि ग्राम कुरुद में उसे शासकीय उचित मूल्य की दुकान खुलवाने लाइसेंस दिलवा सकती है। उसने प्रार्थी को यह भी बताया कि उसके परीचित का युवक रितेश शर्मा द्वारा यह काम किया जाता है सोनामणी चौधरी की बात में आकर प्रार्थी ने अलग-अलग तिथियों में उसे तीन लाख रुपये दे दिए लेकिन पैसा लेने के बाद भी सरकारी राशन दुकान का लाइसेंस नहीं दिला पाए। पैसा मांगने पर वे टाल मटोल करने लगे। मामले को लेकर सूरज कुमार ने न्यायालय में परिवाद लगाया था ।

### सड़कों में आवारा घूमने वाले पशुओं के गले में बांधी जा रही रेडियम की पट्टियां



**दुर्ग, 4 जुलाई।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत के सड़को में आवारा घूमने वाले पशुओं के गले में नगर निगम द्वारा अभियान चलाकर रेडियम पट्टिया बाधी जा रही है ताकि शहरी क्षेत्र में असमय होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। नगर की सड़को में रात्रि के समय आवारा गौ वंशो की मौजूदगी बनी रहती जिससे दो पहिया एवं चार पहिया वाहनो चालको को अधेरे में पशु नही दिखाई देते जिस कारण सड़क दुर्घटनाओं की संभावन बनी रहती है।निगम महापौर श्रीमती अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर के नेतृत्व मे यह अभियान चलाया जा रहा है।

# पंडरिया में सीएम साय और विधानसभा अध्यक्ष 6 जुलाई को करेंगे कॉलेज की छात्राओं के लिए 5 निःशुल्क बसों का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,6 जुलाई।** रविवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह का पंडरिया आगमन होगा। रविवार को सुबह 11 बजे, मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष जी पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय परिसर में पंडरिया विधानसभा की महाविद्यालयीन छात्राओं हेतु 5 निःशुल्क बस सेवा का शुभारंभ करेंगे और क्षेत्र की उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए महतारी अलंकरण सम्मान समारोह में उन्हें सम्मानित करेंगे, इसके साथ ही पंडरिया विधानसभा में अधोसंरचना निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन कर पंडरियावासियों को विकास कार्यों की सौगात देंगे। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा जी की अध्यक्षता और लोक निर्माण विभाग, जिला कबीरधाम द्वारा आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा जी एवं राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।विदित हो कि पंडरिया विधायक भावना बोहरा जी ने विधानसभा चुनाव में भावना दीदी की गारंटी में विधानसभा की महाविद्यालय में अध्ययन करने वाली छात्राओं के लिए संचालित निःशुल्क बस सेवा का विस्तार पूरे पंडरिया विधानसभा में करने का संकल्प किया था। अपने इसी संकल्प को पूरा करते हुए 6 जुलाई 2025, रविवार को 5 अतिरिक्त निःशुल्क बस सेवा का संचालन प्रारंभ कर रहीं हैं जिसका शुभारम्भ मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी एवं विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ.रमन सिंह जी हरी झंडी दिखाकर करेंगे। इसके पूर्व भी उनके द्वारा 3 निःशुल्क बसों का संचालन किया जा रहा है जो यथावत जारी रहेगी।पिपरिया, पंडरिया, पांडातराई, कवर्धा एवं सहसपुर लोहारा महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को महाविद्यालय से घर आने-जाने हेतु इस निःशुल्क बस सेवा का लाभ मिलेगा।पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा की यह मेरे लिए एक अत्यंत ही गौरव का क्षण है कि भावना दीदी की गारंटी में हमने जनता से जो वादा किया था और जनता ने विश्वास प्रकट कर अपनी सेवा का जो अवसर मुझे दिया उस विश्वास के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए हम एक और गारंटी को पूरा करने जा रहे हैं।

# एक करोड़ से अधिक कीमत के अवैध तंबाकू व पान मसाला सहित ट्रक जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,4 जुलाई।** कबीरधाम पुलिस द्वारा बिना वैध दस्तावेज के पान मसाला (गुटका) और च्युइंग तंबाकू सेभरी ट्रैक पर कार्यवाही की गई है। यह कारवाई पुलिस अधीक्षक कबीरधाम श्री धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में एसडीओपी पंडरिया भूपत सिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी कुकदूर निरीक्षक आशीष कंसारी के नेतृत्व में की गई। थाना कुकदूर की सतर्क टीम ने चेकिंग के दौरान दिल्ली-पंजाब-आसाम रोड लाइंस के माध्यम से एक संदिग्ध ट्रक क्रमांक ॥क्र 55,्च 9119 को रोका। जांच करने पर ट्रक में अवैध रूप से भारी मात्रा में प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद परिवहन किया जा रहा था। ट्रक में कुल 190 बोरियों में पान मसाला, जिसमें लगभग 15,96,000 पाउच (कीमत लगभग ?63,84,000) और 38 बोरियों में च्युइंग तंबाकू, अनुमानित 15,96,000 पाउच (कीमत लगभग ?15,96,000) बरामद किए गए। ट्रक की अनुमानित कीमत ?25,00,000 आँकी गई है। इस प्रकार कुल जब्त संपत्ति की कीमत ?1,04,80,000 से अधिक है। वाहन चालक सुरजीत सिंह पिता मुनैश सिंह उम्र 24 वर्ष, निवासी बड़ाखेड़ा, थाना मलावन, जिला एटा (उत्तर प्रदेश) कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए संपूर्ण माल व वाहन को जप्त कर धारा 106 बीएनएसएस के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ की है। यह माल दिल्ली से कटक (उड़ीसा) ले जाया जा रहा था और प्रथम दृष्ट्या यह माल तस्करी के उद्देश्य से ले जाया जाना प्रतीत हो रहा है। ट्रक को थाना परिसर में खड़ा कर विस्तृत जांच की जा रही है और अन्य संलिप्त व्यक्तियों की तलाश की जा रही है।

# सेक्टर-9 अस्पताल में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया



**भिलाई, 4 जुलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर-9 द्वारा विविध गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया गया। कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रविंद्रनाथ तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने राजहरा माइंस में विशेष मेडिकल कैंप का आयोजन किया। शिविर में जेएलएन अस्पताल के चिकित्सकों डॉ. प्रमोद बिनायके, डॉ. सुबोध साहा, डॉ. पी. मर्सी, डॉ. रुचिर भटनागर, डॉ. तनुजा आनंद, डॉ. इमानुएल, डॉ. प्रभादीप कौर, डॉ. श्वेता वर्मा, डॉ. राजेश्वर राव, तथा असिस्टेंट मैनेजर पारोमिता दास गुप्ता, जूनियर मैनेजर संध्या देवी शर्मा, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. दिग्विजय तथा डीएनबी डॉक्टर रेहान और पुनीत ने जन समुदाय को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की। आयोजन में राजहरा माइंस के एडिशनल सीएमओ डॉ. मनोज डहरवाल और उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा। साथ ही कार्यपालक निदेशक बी के गिरी एवं मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया। सेक्टर-9 अस्पताल परिसर में, पोस्ट ऑफिस के सामने स्थित खाली भूमि पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्लड सेंटर में आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में लगभग 25 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जिसके तहत अस्पताल के चिकित्सकों डॉ. प्रिया साहू और डॉ. गायत्री नट्टी ने कैंप में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए रक्तदान किया।

### कलेक्टर ने धान संग्रहण केन्द्रों का किया निरीक्षण

**दुर्ग, 4 जुलाई ।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज जिले के धान संग्रहण केन्द्र क्रमशः जेवरा-सिरसा, अरसनारा, कोड़िया एवं सेलूद का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर भण्डारित धान के उठाव, धान के उठाव हेतु लगायी गई वाहन, ट्रक लोडिंग हेतु हमालों की व्यवस्था, संग्रहण केन्द्र में वाहन न फंसे इस हेतु पहल के संबंध में केन्द्र प्रभारी से जानकारी ली। कलेक्टर ने धान के उठाव में प्रगति लाने डीएमओ और केन्द्र प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने संग्रहण केन्द्र में धान भण्डारण एवं उठाव के मैनुअल और ऑनलाईन डिफरेंस का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिला विपणन अधिकारी श्री भौमिक बघेल भी साथ मौजूद थे।

# सीबीटी सेंटर में अब 125 परीक्षार्थी बैठ सकेंगे

**भिलाई, 4 जुलाई।** मंडल रेल प्रबंधक दयानंद द्वारा भिलाई 03 रेलवे परिक्षेत्र मे स्थित अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त सीबीटी सेन्टर में अतिरिक्त 65 बैठक व्यवस्था हेतु नवनिर्मित हॉल का उद्घाटन किया गया। यह सीबीटी सेन्टर पूरी तरह से वातानुकूलित तथा अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। ज्ञात हो कि सीबीटी सेंटर भिलाई मे पहले 60 परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था थी जो कि अब नए हॉल के बन जाने से 125 हो गई है। दयानंद ने सीबीटी सेन्टर हेतु अतिरिक्त निर्माण के लिए वरि.मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग एवं अन्य रेल अधिकारियों की सराहना भी की। इस अवसर पर वरि.मंडल यांत्रिक इंजीनियर समर करए वरिमंडल यांत्रिक इंजीनियर पीपीयार्ड अनमोल उके वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर विवेक पटेल वरिण्मंडल विद्युत इंजीनियर अनुराग तिवारीए वरिमंडल इंजीनियर उत्कर्ष पांडेयए वरिमंडल सुरक्षा आयुक्त रमन कुमार एवं मंडल इंजीनियर शशांक शेखर एवं अन्य प्रभारी सुपरवाईजर उपस्थित थे।



# आयुक्त ने पीएम आवास के हितग्राहियों से की यथाशीघ्र निर्माण के लिए चर्चा

**भिलाई, 4 जुलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन- 4 शिवाजी नगर क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 के रुके हुए लिंटेल, फाउंडेशन एवं रूफ के घरों का निरीक्षण किया। वार्ड क्र. 42 गौतम नगर खुर्सीपार में आनंद मसीह, कृष्ण दत्त पाण्डेय, राम प्रसाद द्वारा मकान का निर्माण किया जा रहा है। आयुक्त ने हितग्राहियों से मिलकर जानकारी प्राप्त की और मकानों को अतिशीघ्र पूर्ण करने कहा गया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के हितग्राहियों के घरों का अवलोकन किया गया। हितग्राही राम कुमार साहू, रानी बाई साहू, निर्मला देवी एवं मंगलहीन बाई को बताया गया कि भवन अनुज्ञा प्राप्त होने पश्चात घर के सामने 3.5 मीटर रोड के लिए जगह रिक्त रखते हुए मकान का निर्माण किया जावे। घर के सामने का जगह आवागमन के लिए छोड़ा जावे, जिससे आने वाले समय में राहगिरो को परेशानी न हो। सभी बातों को ध्यान रखते हुए शीध्र मकान निर्माण का कार्य चालू करने कहा गया। समीपस्थ निर्माणाधीन सीवरेज लाईन का निरीक्षण किया गया, संबंधित जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे एवं कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा को निर्देशित किया गया कि इस बात का ध्यान रखा जावे कि बरसात का पानी गढढे में न भरे। इस दौरान अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव, वेंकट, किरण चतुर्वेदी, आदित्य ठाकुर, उत्पल शर्मा, सर्वेयर आदि उपस्थित रहे।



# रिसाली निगम के सबसे खूबसूरत गार्डन का होगा विस्तार:आयुक्त

**रिसाली।** रिसाली के सबसे व्यवस्थित और खूबसूरत आत्मानंद उद्यान का विस्तार किया जाएगा। आयुक्त मोनिका वर्मा ने इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने निर्देश दी हैं। उन्होंने सभापति केशव बंछोर और एमआईसी सदस्य सनीर साहू के साथ टाउनशिप के वार्ड 11 और 12 का निरीक्षण किया । आयुक्त मोनिका वर्मा ने वार्ड के उप अभियंता डिगेश्वरी को निर्देश दिया है कि वे वार्ड 11 स्थित आत्मानंद गार्डन को विस्तार करने प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजें। आयुक्त ने कहा कि आत्मानंद गार्डन प्रदेश की पहचान है। यहां प्रदेश का एक मात्र स्केटिंग रोल ग्राउण्ड है। यहां पर बने बैडमिंटन कोर्ट और व्हालीबॉल कोर्ट का विस्तार करने प्रस्ताव शासन को भेजें। आयुक्त ने उद्यान का लगभग घंटे भर तक निरीक्षण कीं। इस दौरान स्वच्छता प्रभारी बृजेन्द्र परिहार, जल कार्य विभाग प्रभारी गोपाल सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे। वार्ड 11 उतई मुख्य मार्ग के किनारे पौधरोपण किया जाएगा। आत्मानंद उद्यान और आस-पास के क्षेत्र का निरीक्षण कर आयुक्त मोनिका वर्मा वार्ड 12 पहुंचीं। उन्होंने पार्षद सनीर साहू के निधि से लगे झूला और अन्य सामग्री का निरीक्षण कीं। इस दौरान उन्होंने बारिश में होने वाले जलभराव की स्थिति और बीएसपी द्वारा किए जा रहे डोर टू डोर कलेक्शन और स्वीपिंग कार्य के बारे में जानकारी ली। लचर व्यवस्था होने पर बीएसपी को पत्र लिखने कहा।



# वैश्विक उपस्थिति सुदृढ़ करने सेल ने दुबई में कार्यालय खोला



**भिलाई, 4 जुलाई।** भारत की अग्रणी इस्पात उत्पादक सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दुबई में अपने प्रतिनिधि कार्यालय का उद्घाटन किया। इस कार्यालय का उद्घाटन केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी द्वारा किया गया। इस अवसर पर दुबई में भारत के महावाणिज्यदूत सतीश कुमार शिवन, सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश, एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमिताभ मुखर्जी, इस्पात मंत्रालय में संयुक्त सचिव वी. के. त्रिपाठी, तथा सेल, इस्पात मंत्रालय, एनएमडीसी और मेकॉन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# महापौर ने भिलाई-चरौदा के 8 कर्मचारियों को सौंपा पदोन्नति आदेश



**भिलाई-03।** महापौर निर्मल कोसरे ने भिलाई चरौदा के 08 कर्मचारियों को पदोन्नति आदेश सौंपा । उन्होंने बृहस्पतिवार को सादगीपूर्ण तरीके से निगम परिवार के बीच अपना जन्मदिवस मनाया। उनके जन्मदिवस पर निगम कार्यालय में अधिकारी कर्मचारियों सहित वार्ड पार्षद एवं अन्य सामाजिक, राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई और शुभकामना देने का सिलसिला जारी रहा । इसी बीच महापौर कोसरे के द्वारा निगम में कार्यरत 08 कर्मचारियों को पदोन्नति आदेश प्रदान किया गया। प्रमोशन पाने वाले सभी 08 कर्मचारी वर्ग -04 से वर्ग 03 के अलग-अलग पदों पर पदोन्नति किये गये । चतुर्थ श्रेणी के पद से सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त करने वाले आठ कर्मचारी में कृष्ण कुमार यादव, श्रीमती शांति बाई, बंसत वर्मा, बोधराम साहू एवं नरसिंग सपहा तथा सहायक ग्रेड-03 के पद पर पदोन्नति प्राप्त करने वाले तीन कर्मचारियों में संतोष सोनी, श्रीमती पूर्णिमा साहू एवं सोनूदास मानिकपुरी शामिल रहे । इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य मोहन साहू, श्रीमती देवकुमारी भल्लावी, एस. वेंकट रमना, मनोज कुमार, एम. जॉनी, श्रीमती संतोषी निषाद, श्रीमती दीप्ती आशीष वर्मा के साथ नेता प्रतिपक्ष रामखिलावन वर्मा, वार्ड पार्षद संतोष तिवारी, शारदा मंदनकर, श्रीमती प्रेमलता चन्द्राकर, टेनेन्द्र ठाकरे सहित निगम के अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे

### जिले में कृषि आदान सामग्री निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**दुर्ग,4 जुलाई।** जिले में खरीफ 2025 हेतु फसल क्षेत्राच्छादन, बीज, उर्वरक, कल्चर, कीटनाशक एवं अन्य कृषि आदान सामग्रियों के मांग/भण्डारण/वितरण के साथ-साथ गुण नियंत्रण तथा निरीक्षण एवं कीट व्याधि नियंत्रण के संबंध में सतत निरागनी हेतु जिला स्तर पर नोडल अधिकारी/सहायक नियुक्त कर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है।उप संचालक कृषि श्री संदीप भोई से मिली जानकारी अनुसार सहायक संचालक कृषि श्री सुमन कुमार कोर्राम को सतत निगरानी हेतु जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता में टाटा स्टील विजयी रहा




**भिलाई, 4 जुलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय स्टील प्लांट्स स्पोर्ट्स बोर्ड (एसपीएसबी) अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता-2025 का समापन समारोह बृहस्पतिवार को सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, एन. के. बंछोर, मुख्य महाप्रबंधक तपन कुमार घोष, पूर्व ओलंपियन एवं उप महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद उपस्थित रहे। उनके साथ उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक, भिलाई शतरंज क्लब के सचिव अलंकार भिवगड़े एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी व विभागीय पदाधिकारीगण भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

### पीएम आवास योजना के 13 हितग्राहियों को आवास आवंटित

**भिलाई, 4 जुलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत निर्मित भूतल के मकानों का आबंटन किया गया। लाटरी में 13 वरिष्ठजन एवं दिव्यांगजन हितग्राहियों को शामिल कर आवास आबंटन किया गया। प्रमुख स्थल सूर्या विहार के पीछे 1 एवं कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे 12 मकानों का आवंटन किया गया है। महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू एवं एमआईसी सदस्य साकेत चंद्राकर के उपस्थित में वरिष्ठ/दिव्यांगजन के 6 एवं सामान्य के 7 हितग्राहियों की लॉटरी निकाली गई। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी अजीत तिग्गा, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, नम्रता सिंह ठाकुर, जागेश्वर साहू, महेत्तर सोनी, थलेश्वर जोशी, सी.एल.टी.सी. किरण चतुर्वेदी, आदित्य ठाकुर, उत्पल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया गोल्डन स्टार्स बाल वाटिका का उद्घाटन

**भिलाई,4 जुलाई।** बीएमवाई रेलवे कॉलोनी एवं आस.पास के क्षेत्रवासियों की सुविधाओं को ध्यान मे रखते हुए मिश्रित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बीएमवाई मे गोल्डन स्टार्स बाल वाटिका का उद्घाटन मंडल रेल प्रबधक रायपुर दयानंद द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि दयानंद ने गोल्डन स्टार्स बाल वाटिका कक्षा का उद्घाटन कर बाल वाटिका का निरीक्षण किया एवं बाल.वाटिका को और अधिक उन्नत बनाने हेतु आवश्यक सुझाव अधिकारियों को प्रदान किया। दयानंद ने बाल वाटिका मे अध्ययनरत नन्हे.मुन्ने बच्चों से मुलाकात कर स्नेहाशीष देते हुए वार्तालाप भी किया। स्वागत भाषण प्राचार्या श्रीमती डीण् लक्ष्मी द्वारा प्रस्तुत किया गया। शाला नियंत्रण अधिकारी एवं वरिण् मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग ने अपने संबोधन मे कहा कि सीबीएसई की गाइडलाइन और नई शिक्षा नीति 2020 के मानक अनुसार गोल्डन स्टार्स बाल वाटिका को बनाया गया है। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि दयानंद ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य मात्र नौकरी प्राप्त करना ही नहीं होना चाहिए बल्कि विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा उपलब्ध कराई जानी चाहिए जिससे वे हर क्षेत्र में पारंगत हों तथा अपनी जीविकोपार्जन का अन्य माध्यम खोजने मे वे स्वयं सशक्त बन सकें। संचालन डॉ राजीव बिलैय्या द्वारा किया गया।




# जिले में उर्वरकों का भंडारण-वितरण कार्य प्रगति पर

**दुर्ग, 4 जुलाई ।** जिले में मानसून सक्रिय होने के पश्चात् से खरीफ कृषि कार्य में तेजी आई है तथा बुआई हेतु मौसम अनुकुल होने से खरीफ फसल बुआई कार्य प्रगति पर है। कृषकों की मांग अनुसार उर्वरकों का प्राथमिक सहकारी समितियों एवं निजी प्रतिष्ठानों में भण्डारण एवं वितरण प्रगति पर है। उप संचालक कृषि से मिली जानकारी के अनुसार अद्यतन जिले में उर्वरक यूरिया-27600 मि.टन, सिंगल सुपर फास्फेट-18310 मि.टन, पोटाश-5700 मि.टन, डी.ए.पी.-5267 मि.टन, 12:32:16-3666 मि.टन व अन्य 17484 मि.टन कुल 78027 मि.टन का लक्ष्य के विरूद्ध यूरिया-20729 मि.टन, सिंगल सुपर फास्फेट-14253 मि.टन, पोटाश-5293 मि.टन, डी.ए.पी.-7085 मि.टन, 12:32:16-1002 मि.टन व अन्य 4877 मि.टन कुल 53238 मि.टन का भण्डारण कर यूरिया-17640 मि.टन, सिंगल सुपर फास्फेट-8646 मि.टन, पोटाश-3985 मि.टन, डी.ए.पी.-6646 मि.टन, 12:32:16-386 मि.टन व अन्य 4649 मि.टन कुल 41950 मि.टन अद्यतन वितरण प्राथमिक सहकारी समितियों एवं निजी प्रतिष्ठानों के माध्यम से कृषकों को किया गया है।

## संक्षेप-समाचार

### कोटा-जारा-संडी रोड का जीर्णोद्धार शुरू



**बलौदाबाजार, 4 जुलाई.** जिले में जर्ज़र एवं क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मत का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा तेजी से कराया जा रहा है। इसी क्रम में कोटा -जारा -संडी सड़क का पैच मरम्मत कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा शुरु कर दिया गया है। अब तक लगभग 4 किलोमीटर रोड का पैच रिपेयर किया गया है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जर्जर और क्षतिग्रस्त सड़कों का मरम्मत तेजी से करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों क़ो दिये हैं। कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा नें बताया कि सड़क मरम्मत हेतु बजट आवंटन प्राप्त हुआ है। प्राथमिकता अनुसार सड़कों का मरम्मत कार्य जल्द शुरु किया जाएगा।

### पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा वैज्ञानिक अधिकारी डॉक्टर स्वाति कुजूर को दी गई विदाई

**बलौदाबाजार,4 जुलाई।**पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा वैज्ञानिक अधिकारी डॉक्टर स्वाति कुजूर को गुलदस्ता भेंट करते हुए विदाई दी गई। विदित हो कि डॉक्टर स्वाति कुजूर जुलाई 2024 से जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में वैज्ञानिक अधिकारी के रूप में आई थी, जिनका स्थानांतरण अभी जिला बिलासपुर हुआ है। इस अवसर पर श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा डॉक्टर स्वाति कुजूर को जिला बिलासपुर स्थानांतरण पर जिले से जाने एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिया गया।



### अग्रवाल मोपका नवीन महाविद्यालय जनभागीदारी के अध्यक्ष बने

**भाटापारा,4 जुलाई।** ग्राम पंचायत गुडेलिया के युवा सरपंच संकेत अग्रवाल को मोपका निपनिया के स्व. रामनाथ वर्मा नवीन महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है ।अपनी इस नियुक्ति पर उन्होंने सांसद बृजमोहन अग्रवाल ,प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा,नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ,भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है ।संकेत अग्रवाल ने अपनी इस नियुक्ति पर कहा महाविद्यालय के विकास व शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने को लेकर काम करेंगे ,संकेत इसके पूर्व पंच,उपसरपंच,से लेकर सरपंच पद पर कार्य करते हुए ग्राम के विकास के लिए कार्य करते हुए ग्राम पंचायत गुडेलिया को आदर्श ग्राम पंचायत के रूप मे प्रस्तुत किया और आज जिले मे आदर्श ग्राम पंचायत का दर्जा प्राप्त किया ।उनकी नियुक्ति पर समस्त ग्रामवासी सहित अन्य प्रबुद्धजनो ने हर्ष व्यक्त किया है।



### शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर सख्त कार्यवाही

**बलौदाबाजार,4 जुलाई।** जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में यातायात शाखा कसडोल एवं बलौदाबाजार में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 10 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा इन सभी 10 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें आज दिनांक 02.07.2025 को माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 10 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक ₹10,000-10,000 अर्थदंड का आदेश दिया गया है।



### राम पंजवानी कोहका नेवरा कालेज के सांसद प्रतिनिधि नियुक्त

**तिल्दा,4 जुलाई।** तिल्दा नेवरा नगर के प्रतिष्ठित समाज सेवी पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के नेता राम पंजवानी को महाविद्यालय नेवरा तिल्दा कोहका में सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल जी ने सांसद प्रतिनिधि बनाया है ।इस नियुक्ति पर नगर के गणमान्य नागरिकों ने बधाई दी है .बीजेपी नेताओं ने कहा कि समाज सेवी और अनुभव वाले बीजेपी के कार्यकर्ता को सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने प्रतिनिधि बना कर महाविद्यालय के विकास में एक कदम बताया है इनकी नियुक्ति पर नगर में हर्ष है।



# बस्तर से सरगुजा तक डिजिटल क्रांति का विस्तार

**रायपुर, 4 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि विकसित भारत 2047 के साथ विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लक्ष्यों को पूर्ण करने एवं सहज, सरल, त्वरित और पारदर्शिता के साथ सुचारू शासन की दिशा में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी का महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की गहन समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों, विशेष रूप से बस्तर एवं सरगुजा संभागों में नए मोबाइल टॉवर लगाने तथा फाइबर नेटवर्क लाइन बिछाने जैसे कार्यों में तेजी लाई जाए। आने वाले समय में राज्य में समय सीमा के भीतर चरणबद्ध रूप से 5,000 से अधिक मोबाइल टॉवर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ई-डिस्ट्रिक्ट 2.0 के माध्यम से वर्तमान में विभिन्न विभागों की 85 ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार करते हुए 250 अन्य ऑफलाइन सेवाओं को भी ऑनलाइन सेवाओं में तब्दील किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि योजनाओं का लाभ लोगों को घर बैठे ही ऑनलाइन प्राप्त होगा, तो इससे समय की बचत होगी तथा कार्यालय आने-जाने में होने वाला खर्च भी कम होगा। इसके साथ ही टीयर-थ्री के अनुरूप स्टेट डाटा सेंटर को अपग्रेड करने की भी बात कही गई। ुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में प्रदेश में विभाग द्वारा संचालित प्रमुख परियोजनाओं—अटल मॉनिटरिंग पोर्टल, नियद नेल्लानार एवं L.W.E. सैचुरेशन डैशबोर्ड, भारतनेट फेस-2, छत्तीसगढ़ स्टेट डाटा सेंटर (CGSDC), आधार एनरोलमेंट इन-हाउस मॉडल, ई-डिस्ट्रिक्ट 2.0, सीजी स्वान, ई-प्रोक्योरमेंट तथा कैपेसिटी बिल्डिंग सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक ने विगत सवा साल में विभाग द्वारा अर्जित महत्वपूर्ण उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विगत 4 वर्षों से लंबित डाटा सेंटर के अपग्रेडेशन की निविदा प्रक्रिया पूर्ण की गई, खनिज 2.0 पोर्टल का गो लाइव किया गया, वाई-फाई मंत्रालय योजना तथा ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल सफलतापूर्वक शुरू हुए। इसके साथ ही भारतनेट फेज-2 परियोजना का प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किया गया एवं अटल मॉनिटरिंग पोर्टल डैशबोर्ड का निर्माण कर 19 विभागों की 100 योजनाओं के KPI इसमें प्रदर्शित किए गए हैं। इस बैठक में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत, चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रभात मलिक सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर डायरिया प्रभावित ग्रामों में अधिकारियों ने किया दौरा

**बलौदाबाजार, 4 जुलाई** । स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर बुधवार क़ो विकासखंड कसडोल तथा पलारी के डायरिया प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य संचालनालय से आईडीएसपी के उप संचालक डॉ खेमराज सोनवानी तथा सलाहकार श्वेता शर्मा ने भ्रमण कर स्थिति का जायज़ा लिया।



राज्य कार्यालय से आये अधिकारियों ने पलारी में भर्ती मरीजों से मिलकर उनका कुशल क्षेम पूछा, इसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुनी ब सहित ग्राम बरबसपुर में लगे डायरिया स्वास्थ्य शिविर सहित बल्दा कछार का भी निरीक्षण किया। पलारी में इस समय केवल चार मरीज ही भर्ती हैं शेष ठीक होकर जा चुके हैं। उपचार बाद भर्ती चार मरीज पूरी तरह से सामान्य हैं । कसडोल के ग्राम बरबसपुर में मिले कुल केस में 4 ही वर्तमान में भर्ती हैं जिसमें 3 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुनी तथा एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में भर्ती हैं। डायरिया के शेष अन्य केस उपचार लेकर ठीक हो चुके हैं तथा अपने घर जा चुके हैं । उप संचालक डॉ सोनवानी ने सभी प्रभावित ग्राम में मेडिकल स्टाफ की शिफ्ट अनुसार ड्यूटी को निरंतर करने ,गांव में क्लोरीन टेबलेट वितरित करने को भी कहा। आवश्यक दवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही उन्होंने डिस्चार्ज मरीजों को काउंसलर के माध्यम से टेलीफोन के ज़रिए डायरिया के सम्बंध में फीडबैक लेने तथा स्वास्थ्य संबंधी सलाह देने के भी निर्देश दिए । रोकथाम हेतु त्वरित प्रतिक्रिया हेतु निगरानी बढ़ाने को भी कहा गया। ग्राम बरबसपुर में इंडेक्स मरीज (पहला केस) के घर का भ्रमण कर जानकारी भी ली गई । ग्राम में अन्य मौसमी बीमारियों जैसे मलेरिया के लिए भी एहतियातन फीवर सर्वे करने को कहा गया ।

## वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**राजनांदगांव 4 जुलाई ।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव, बालोद एवं दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी राजनांदगांव में आयोजित किया गया। बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव, बालोद एवं दुर्ग जिले के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख द्वारा जिले की कृषि पद्धति एवं कृषि विज्ञान केन्द्र की वार्षिक प्रगति 2024-25 एवं कार्य योजना 2025-26 की प्रस्तुतीकरण किया गया। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक विस्तार सेवाएं से डॉ. नीता खरे द्वारा आवश्यक सुझाव एवं सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्रों में होने वाले विभिन्न प्रसार गतिविधियों एवं नये-नये तकनीकों का प्रसार-प्रचार अधिक से अधिक करने की आवश्यकता है, जिससे समय पर इसका लाभ कृषकों को मिल सके। साथ ही फसल तैयारी के पूर्व प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना चाहिए। बैठक में कृषकों द्वारा पशुओं में उन्नत नस्ल सुधार के विकल्प कृत्रिम गर्भाधान के बारे में परिचर्चा की गई। इसके साथ ही धान के फसलों में कीट पैनिकल माइल की समस्या के बारे में वृहद परिचर्चा की गई।

## कलेक्टर ने दिग्विजय स्टेडियम का किया आकस्मिक निरीक्षण

**राजनांदगांव 4 जुलाई ।** दिग्विजय स्टेडियम के रख-रखाव एवं मरम्मत का कार्य 6 करोड़ रूपए की लागत से किया जा रहा है। जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए दिग्विजय स्टेडियम के संचालन, व्यवस्था एवं रख-रखाव के लिए प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दिग्विजय स्टेडियम का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने दिग्विजय स्टेडियम के रख-रखाव, मरम्मत कार्य तथा विद्युत व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बैडमिंटन हॉल, बास्केटबाल हॉल, कार्यालय कक्ष में एसी तथा प्रकाश एवं विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित कराने कहा। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में बने टेनिस कोर्ट को ठीक कराने के लिए कहा। कलेक्टर ने दिग्विजय स्टेडियम की दीवारों में लगे रंगीन लाईट को सुधारने के लिए कहा। बिजली फिटिंग, लाईट, स्टेडियम के मरम्मत एवं निर्माण कार्य, साफ-सफाई, पेयजल सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों का निरीक्षण किया एवं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेडियम के पीछे की जमीन को मापने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

## तीन शिक्षकों की नियुक्ति से बच्चों के साथ पालकों के चेहरों पर भी खिली मुस्कान

**बलौदाबाजार,4 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

युक्तियुक्तकरण से स्कूलों की तस्वीर बदलने लगी है। शिक्षकों की कमी से जूझ रहे स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के साथ- साथ उनके माता पिता के माथे पर अब चिंता की लकीरें नहीं बल्कि चेहरे पर राहत की मुस्कान खिल रही है इस क्रांतिकारी बदलाव के लिए बच्चों के साथ- साथ उनके अभिभावकों ने भी मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पुरैना खपरी स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में शिक्षा विभाग द्वारा युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत 3 शिक्षकों की पदस्थापना की गई है, जिससे विद्यालय के विद्यार्थियों को पढ़ाई में अब बेहतर सुविधा मिल रही है। विद्यालय में वर्तमान में कक्षा 6वीं एवं 7वीं का संचालन हो रहा है जिसमें कुल 66 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इनमें कक्षा 6वीं में 34 तथा कक्षा 7वीं में 32 विद्यार्थी हैं। पूर्व में शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही थी, लेकिन अब नई व्यवस्था से शैक्षणिक गुणवत्ता



में सुधार देखने को मिल रहा है। नवपदस्थ शिक्षकों में अनुपा मंडावी (सामाजिक विज्ञान) प्रभारी हेड मास्टर के रूप में शासकीय माध्यमिक शाला रवान से, हेमलता मिश्रा (हिंदी) शासकीय माध्यमिक शाला चंडी से तथा जयश्री कलेत (विज्ञान) शासकीय माध्यमिक शाला माता देवालय, भाटापारा से प्रतिनियुक्त हुई हैं। इन शिक्षकों की उपस्थिति से अब विद्यार्थियों को विषयवार नियमित पढ़ाई मिल पा रही है। विद्यालय का संचालन समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। शिक्षा विभाग में की गई इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिल रहा है, जिससे निश्चित ही उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

युक्तियुक्तकरण से मिले तीन शिक्षक बेहतर हुई पढ़ाई- कक्षा 7 वीं में पढ़ने वाली रागिनी निषाद कहती हैं पहले टीचर नहीं थे तो अच्छे से पढ़ाई नहीं हो पाती थी लेकिन युक्तियुक्तकरण के बाद अब हमारे स्कूल में तीन विषयों के टीचर मिल गए हैं .

## डॉ. अरविन्द नेरल को सेवानिवृत्त पर भाव-भीनी विदाई

**रायपुर,4 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

पं. ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के वरिष्ठतम चिकित्सा शिक्षक डॉ. अरविन्द नेरल को सेवानिवृत्ति पर भाव-भीनी विदाई दी गयी। महाविद्यालय और मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में यह संवेदनशील विदाई समारोह महाविद्यालय परिसर में स्थित अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में आयोजित किया गया। डॉ. अरविन्द नेरल पैथालॉजी विभाग में प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष रहे हैं। उनके सम्मान में आयोजित इस समारोह में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी ने कहा कि डॉ. नेरल ने अपने लंबे सेवाकाल में न सिर्फ शिक्षा, चिकित्सा एवं रिसर्च के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया, बल्कि महाविद्यालय के सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और सामाजिक कार्यों की भी कमान सम्हाली। हम उनके सेवा-भाव को नमन करते हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में पैथालॉजी विभाग की सह-प्राध्यापक डॉ. वर्षा पाण्डेय ने डॉ. नेरल के जीवन और सेवाओं पर आधारित ऑडियो विजुअल प्रस्तुति दी जिसमें उन्होने डॉ. नेरल के समर्पण, कार्यशैली, सामाजिक कार्यों और




मानवीय संवेदनाओं को बहुत सुन्दर तरीके से दर्शाया। साथ ही "कभी अलविदा ना कहना" शीर्षक से वीडियो द्वारा डॉ. नेरल के कार्यो को उजागर किया। तत्पश्चात् डॉ. देवप्रिया लकरा, डॉ. संतोष सोनकर, डॉ. जया लालवानी, डॉ. राबिया परवीन सिद्दीकी, डॉ. ओंकार खण्डवाल, डॉ. आकाश लालवानी और डॉ. विजय कापसे ने डॉ. नेरल के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार और संवेदनायें व्यक्त की। इसके पूर्व पैथालॉजी विभाग के शिक्षकों, टेक्निशियन और अन्य कर्मचारियों की ओर से भी विदाई समारोह का पृथक से आयोजन किया गया था। अपने विदाई संदेश में डॉ. अरविन्द नेरल ने कहा कि इस महाविद्यालय में 41 वर्ष का लंबा कार्यकाल बहुत संतोषजनक और उपलब्धियों से परिपूर्ण रहा है। इस महाविद्यालय में गुजारे लम्हें, वरिष्ठों, सहपाठियों और सभी शिक्षकों, कर्मचारियों से मिला साथ, सहयोग और सहभागिता मेरे जीवन की अमूल्य धरोधर है और चीर-स्मरणीय रहेगी। उन्होंने कहा रक्तदान, एड्स जागरूकता और कोविड-19 एपिडेमिक काल में किये गये उल्लेखनीय कार्यों के लिये छत्तीसगढ शासन द्वारा सम्मानित किया जाना विशेष उपलब्धि रही है। विदाई समारोह में डॉ. नेरल को शॉल-श्रीफल, प्रतीक चिन्ह, उपहार और यादगार फोटो फ्रेम दिये गये।

## भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित अभ्यर्थी देंगे युवाओं को सही मार्गदर्शन

**राजनांदगांव 4 जुलाई।** युवाओं को अपने भविष्य को संवारने एवं अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मदद तथा सही मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। सही वक्त में युवाओं को बेहतर लक्ष्य प्राप्त करने में मार्गदर्शन बहुत महत्वपूर्ण है। यह उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन करता है, उनके कौशल और क्षमताओं को विकसित करने में मदद करता है तथा उन्हें सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक आत्मविश्वास प्रदान करता है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में भारतीय लोक सेवा आयोग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के अध्ययन स्तर, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं तैयारी के लिए युवाओं को लाभान्वित करने हेतु कठिन नहीं, सही मार्गदर्शन चाहिए-आईएएस टॉपर्स से मिलिए् कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कठिन नहीं, सही मार्गदर्शन चाहिए-आईएएस टॉपर्स से मिलिए कार्यक्रम का आयोजन 4 जुलाई 2025 को सुबह 11.30 बजे से पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में किया गया है। कार्यक्रम में भारतीय प्रशासनिक सेवा 2024 में चयनित श्री आकाश गर्ग, श्री आदित्य विक्रम, सुश्री पूर्वा अग्रवाल, श्री अभिषेक अग्रवाल, श्री अंकित धवानी द्वारा जिले के युवाओं को लक्ष्य हासिल करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने प्राइवेट स्कूलों को बारकोड स्कैनिंग के लिए 7 दिवस की दी मोहलत

**रायपुर, 4 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के छात्रों को समय पर पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष श्री राजा पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा पहली से दसवीं तक के सभी विद्यार्थियों को मुफ्त पाठ्यपुस्तकें वितरित की जा रही हैं। यह जिम्मेदारी पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा पूरी गंभीरता से निभाई जा रही है। श्री पाण्डेय ने बताया कि पिछले शिक्षा सत्र में सामने आई कुछ अनियमितताओं को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष प्रत्येक पुस्तक पर दो बारकोड लगाए गए हैं ।एक प्रिंटर की पहचान के लिए और दूसरा पुस्तक के गंतव्य विद्यालय की पहचान के लिए। इस वर्ष कुल 2 करोड़ 41 लाख किताबें मुद्रित की गईं, जो 17-18 जून 2025 तक सभी डिपो में पहुँचा दी गईं। शासकीय विद्यालयों की कक्षा 9वीं, 10वीं की पुस्तकें स्कूलों तक पहुंचा दी गई है तथा स्कूलों में बारकोड स्कैनिंग का कार्य भी 90 प्रतिशत पूर्ण हो गया है। इसी तरह आत्मानंद विद्यालयों में भी पुस्तकों का वितरण तेजी से किया जा रहा है और 60 प्रतिशत किताबें पहुँच चुकी हैं, शेष कुछ ही दिनों में पहुँचा दी जाएंगी। प्राइवेट विद्यालयों को इस बार बारकोड स्कैनिंग के पश्चात ही पुस्तकें डिपो से प्रदान की जा रही हैं, जबकि पूर्व में जिला शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से यह प्रक्रिया की जाती थी। हालांकि, बीते तीन दिनों में डिपो में स्थान की कमी और स्कैनिंग प्रक्रिया में तकनीकी दक्षता की कमी के कारण समस्याएं उत्पन्न हुईं। इस संबंध में जब मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को अवगत कराया गया और बताया गया कि 1100 से अधिक सरस्वती शिक्षा मंदिर सहित बड़ी संख्या में प्राइवेट विद्यालयों को पुस्तकें मिलनी हैं, तब मुख्यमंत्री जी ने शीघ्र निर्णय लेते हुए निर्देशित किया कि सभी प्राइवेट विद्यालय अपनी आवश्यकता अनुसार जिलेवार किताबें डिपो से प्राप्त करें तथा 7 दिवस के भीतर अपने विद्यालय में बारकोड स्कैनिंग पूर्ण करें। मुख्यमंत्री जी के इस निर्णय की सराहना करते हुए अध्यक्ष श्री पाण्डेय ने कहा कि यह शिक्षा के प्रति उनकी संवेदनशीलता और तत्परता को दर्शाता है। यह कदम सुनिश्चित करेगा कि सभी बच्चों की पढ़ाई समय पर शुरू हो सके और कोई भी छात्र पुस्तक के अभाव में पीछे न रह जाए। छत्तीसगढ़ सरकार की यह पहल एक बार फिर यह साबित करती है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित और सजगता से कार्य कर रहा है।

## आयुक्त ने सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा

**रायपुर,4 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप ने नगर निगम मुख्यालय के तृतीय तल सभाकक्ष में समय सीमा बैठक लेकर अधिकारियों को विभिन्न कार्यो के संदर्भ में आवश्यक निर्देश दिये। अपर आयुक्त सर्वश्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यू.एस. अग्रवाल, पंकज के शर्मा, विनोद पाण्डेय, श्रीमती कृष्णा खटीक, अधीक्षण अभियंता श्री राजेश राठौर, श्री संजय बागडे, उपायुक्तगणों, जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों, विभागो के प्रभारी अधिकारियों की उपस्थिति में आयुक्त ने निर्देशित किया कि अब नगर निगम रायपुर द्वारा राजधानी शहर में नागरिको के नगर निगम से संबंधित कार्यो को और अधिक सुविधा युक्त बनाने एवं तेजी से कार्य करने ई चालान , ई नोटिस जारी करने का कार्य किया जायेगा। सभी निर्माण कार्यो




सहित समस्त कार्यो के लिए ई नोटिस एवं ई चालान जारी करने के निर्देश दिये गये है। आयुक्त श्री विश्वदीप ने निर्देशित किया कि ई चालान की व्यवस्था प्रभावी तरीके से की जाये । आयुक्त ने नगर निवेशक को निर्देशित किया कि नगर निवेश विभाग द्वारा नक्शा स्वीकृति से लेकर दी जाने वाली स्वीकृति एवं नोटिस ऑनलाईन करवाने की व्यवस्था करवाये। इसी आधार पर उसकी समीक्षा होगी। इससे निर्माण कार्यो के संदर्भ में अभियंताओं सहित आर्किटेक्ट द्वारा भी आवश्यक मॉनिटरिंग की जा सकेगी। आयुक्त ने अधोसंरचना मद संधारण मद, विधायक निधि, विविध निधियों के विकास कार्यो को सतत मॉनिटरिंग कर समय सीमा में गुणवत्ता सहित पूर्ण करवाने के निर्देश दिये है।

आयुक्त ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन आदि से प्राप्त आमजनों के आवेदनो को गंभीरता से लेकर उनका निदान त्वरित रूप से करने के निर्देश दिये है। आयुक्त ने शौचालयो, तालाबो, प्रमुख मार्गो, बाजारो की अच्छी सफाई व्यवस्था कायम करने के निर्देश दिये है। आयुक्त ने सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रतिदिन निरीक्षण कर अच्छी सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिये है। अन्यथा की स्थिति में जवाबदेही तय कर कडी अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है।

## संपादकीय

# ऐसा हुआ है, ऐसा हो सकता है

राजनीति में किसी कारण से एक घटना होती है तो उसी कारण से फिर वैसी घटना हो सकती है। ऐसी घटनाएं एक से अधिक बार कई राज्यों में हुई है, इसलिए राजनीतिक दल के नेता पार्टी के आलाकमान व बड़े नेताओं को आगाह करते हैं कि अगले चुनाव में पार्टी चुनाव हारने वाली है। पार्टी नेताओं का काम आलाकमान व बड़े नेताओं का आगाह करना होता है, कर्नाटक के कांग्रेस विधायकों ने पार्टी के बड़े नेताओं व आलाकमान को आगाह कर दिया है कि डीके शिवकुमार के साथ पार्टी के 100 से ज्यादा विधायक हैं। यदि उनको वादे के मुताबिक कर्नाटक का सीएम नहीं बनाया गया तो पार्टी अगला चुनाव नहीं जीत पाएगी। ऐसा छत्तीसगढ़ में हुआ है इसलिए माना जा रहा है कि ऐसा कर्नाटक में भी हो सकता है। जैसी स्थिति आज कर्नाटक में है, वैसी ही स्थिति 2018 में छत्तीसगढ़ में थी। यहां चुनाव के बाद सीएम पद के दो दावेदार थे, भूपेश बघेल व टीएस सिंहदेव। किसी एक को सीएम बनना था, लेकिन दोनों मान नहीं रहे थे तो माना जाता है कि दोनों को यह कहकर मनाया गया कि दोनों को सीएम बनाया जाएगा, दोनों ढाई ढाई साल सीएम रहेंगे। पहले भूपेश बघेल को सीएम बनाया गया। वह सीएम बनने के बाद कर्नाटक के सीएम सिध्दारमैया की तरह सीएम की कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं हुए। इससे आज जैसी स्थिति कर्नाटक में है, वैसी ही स्थिति छत्तीसगढ़ में बनी थी। ढाई साल आलाकमान ने भूपेश बघेल को हटाकर टीएस सिंहदेव का सीएम नहीं बनाया। तब छत्तीसगढ़ में किसी विधायक या टीएस सिंहदेव ने यह नहीं कहा था कि अगला चुनाव कांग्रेस हार जाएगी। लेकिन हुआ यही था जब विधानसभा चुनाव हुआ तो कांग्रेस छत्तीसगढ़ में चुनाव हार गई थी। इसकी वजह यह मानी गई थी भूपेश बघेल अकेले चुनाव नहीं जिता सके, टीएस सिंहदेव ने पिछली बार तरह सहयोग नहीं किया। कर्नाटक में 2023 का विधानसभा चुनाव सिध्दारमैया व शिवकुमार दोनों ने मिलकर जिताया था। शिवकुमार व उनके समर्थक विधायक चाहते हैं वादे के मुताबिक शिवकुमार को सीएम बनाया जाए, नहीं बनाया गया तो हो सकता है वही हो जो छत्तीसगढ़ में टीएस सिंहदेव का सीएम नहीं बनाने पर हुआ था।

## राशिफल

**मेष** मेष राशि वालों के लिए आज का दिन मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। राजनीति में आप थोड़ा सोच समझकर कदम बढ़ाएं। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपकी बहसबाजी होने की संभावना है। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं। आपको अपने कर्जो को भी उतारने के बारे में सोचना होगा। आपको सेहत संबंधित यदि कोई समस्या हो, तो आप उसे नजरअंदाज बिल्कुल ना करें। कोई पुराना लेनदेन पूरा हो सकता है। आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचाना होगा।

**वृषभ** वृषभ राशि वालों के लिए आज का दिन आपके लिए कोई निर्णय सोच समझकर लेने के लिए रहेगा। आप किसी से कोई वादा सोच समझकर करें। आप अपने घर के रेनोवेशन के बारे में सोच विचारकर सकते हैं। छोटे बच्चों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आप अपने बिजनेस को लेकर कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी, तो पारिवारिक जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी। संतान के विवाह में यदि कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको अपने करियर में अच्छा उछाल देखने को मिलेगा। आपको किसी काम को लेकर अक्समात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपके कुछ मित्र आपके शत्रु बन सकते हैं, जिन्हें आपको पहचाना होगा। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप अपनी संतान से किए हुए वादे को आसानी से पूरा कर सकेंगे। आपकी आय के बढ़ने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपने परिवार में किसी सदस्य से काम को लेकर सलाह लेनी होगी। आपको अपने मित्रों का पूरा साथ मिलेगा। यदि किसी यात्रा पर जाएं, तो उसमें आप वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करें। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप अपने संस्कारों व परंपराओं पर पूरा ध्यान देंगे और रहन-सहन के स्तर में भी सुधार लाएंगे। आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी।

**सिंह** सिंह राशि वालों के लिए आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपको किसी समस्या को छोटा नहीं समझना है और अपने कामों में ढील बिल्कुल न दें। आप अपने कामों को लेकर यदि लापरवाही दिखाएंगे, तो आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। आपको किसी नए काम की शुरुआत करना बेहतर रहेगा। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी को लेकर कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं। किसी कानूनी मामले में आपको जीत मिलेगी।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए किसी नए घर की खरीदारी के लिए अच्छा रहेगा। आपको संतान की पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देना होगा। आप विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखें। आपको अपनी पारिवारिक समस्याओं को लेकर बातचीत करनी होगी। आप अपनी आवश्यकताओं को समय से निपटाने की कोशिश करेंगे और जीवनसाथी प्रेम जीवन जी रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपका कोई लेनदेन चुकता होगा।

**तुला** आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने में लगे रहेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें। जीवनसाथी से किए हुए वादे को आपको समय रहते पूरा करने की आवश्यकता है। परिवार में किसी नए-मेहमान का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। यदि कोई लड़ाई -झगड़ा लंबे समय से चल रहा था, तो वह भी दूर हो सकता है।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर होने वाला है। आप अपने कामों पर ध्यान देंगे। आप अपनी शारीरिक समस्याओं को नजर अंदाज कर सकते हैं। उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको मनमुताबिक काम मिल सकता है। जीवनसाथी आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे और आपने यदि किसी नए काम की शुरुआत की थी, तो वह भी आपके लिए अच्छी रहेगी। माताजी से आपकी अच्छी बनेगी।

**धनु** आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। आपको किसी पैतृक संपति की प्राप्ति हो सकती हैं। आपके ऊपर काम का बोझ अधिक रहेगा, लेकिन फिर भी आप मेहनत से पीछे नहीं हटेंगे, लेकिन आपको किसी सरकारी काम को लेकर समस्या खड़ी हो सकती है, जो आपकी किसी से सलाह लेकर ही समाप्त होगी। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मकर** आज का दिन आपके लिए कठिनाइयों से भरा रहने वाला है। आपको किसी काम को पूरा करने में समस्या आएगी और प्रॉपर्टी को लेकर भी कोई डील अटक सकती है, लेकिन आप अपने धन का लेनदेन थोड़ा समझदारी दिखाते हुए करें और कार्यक्षेत्र में किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। आपको कुछ ईषालु व झगड़ालू लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। आपके विरोधी भी आपको परेशान करने मे कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आपको अपनी बुद्धि और विवेक से निर्णय लेने होंगे।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए टेंशनों से भरा रहने वाला है। आपके मन में पारिवारिक समस्याओं को लेकर टेंशन भरपूर रहेगी। जीवनसाथी से आप अपने पारिवारिक बिजनेस को लेकर बातचीत कर सकते हैं। बड़े सदस्यों की राय आपके खूब काम आएगी। आपको किसी प्रॉपर्टी संबंधित मामले को भी मिल बैठकर निपटाने की आवश्यकता है। वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर ही करें और किसी को धन उधार देने से बचें, नहीं तो इससे आपके आपसी रिश्ते खराब हो सकते हैं।

**मीन** आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपका कोई बिजनेस पार्टनर आपको धोखा दे सकता है, इसलिए आपको अपनी आंख व कान खुले रखने होंगे। आपका पूजा पाठ में खूब मन लगेगा। माताजी से आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी होने की संभावना है। आपको अपने स्वास्थ्य पर भी पूरा ध्यान देना होगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के प्रेम में डूबे नजर आएंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

## युद्ध

# ग्लोबल हिंसा-युद्ध बड़े शासकों की सनक का परिणाम

**संजीव ठाकुर**



किसी भी विचार या मुद्दों से असहमती के प्रतिफल में हिंसा या क्रूरता नहीं की जा सकती। विचारों से असहमति और हिंसा के विरोध में प्रतिहिंसा समस्या का हल नही हो सकता है। सबसे ताजा क्रूर और हिंसात्मक परिणाम फिलिस्तीन-इजरायल युद्ध के रूप में सामने आया है। जिसमें 20000 लोगों की जान चली गई और

50000 लोगों से ज्यादा घायल मानविय शरीर कराह रहे हैं। इसराइल ने फिलिस्तीन, हमास,लेबनान को तबाह कर दिया है आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह को नेस्तनाबूत करने की बात तो एक बार समझ में आती है पर लेबनान के 50 लाख लोगों को देश छोड़ने पर मजबूर कर देना तानाशाही का एक भयानक रूप ही दिखाई देता है। इसके बाद भी उसकी हिंसा की प्यास नहीं बुझी है और अमेरिका ईरान इजरायल युद्ध में अमेरिका ने युद्ध के सबसे बड़े हथियार रूपी हवाई जहाज से ईरान ईरान के संग्रहण ठिकानों में हवाई हमला कर युद्ध का रौद्र रूप दिखाया इजरायल ईरान आपस में बैलिस्टिक मिसाइल से हमला कर एक दूसरे के महत्वपूर्ण ठिकानों को तबाह कर दिया हैं दूसरी तरफ रूस यूक्रेन युद्ध को 2 साल से ज्यादा समय हो चुका है इस युद्ध में दोनों देशों के लाखों लोगों को बेघर कर दिया गया है और हजारों लोगों की जान चली गई है। दोनों देशों के अरबों रुपए इस युद्ध में खर्च हो चुके हैं यदि इस धनराशी का विकास के लिए मानव शांति के लिए उपयोग किया गया होता तो आज दोनों देशों में शांती के साथ विकास भी होता। नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अमेरिका को इजराइल का साथ न देने की स्पष्ट चेतावनी देकर कहा है कि यदि वह इजराइल पिलिस्तानी लेबनान ईरान युद्ध में बीच में आया तो उत्तर कोरिया अमेरिका पर परमाणु हमला कर देगा। जब तक विश्व में व्लादिमीर पुतिन, सी जिन पिंग,नेतन्याहू और किम जोंग-उन जैसे खून के प्यासे तानाशाह रहेंगे विश्व में शांति स्थापना की कल्पना करना नामुमकिन ही होगा। आज वैश्विक शांति में खलबली मची हुई है। धरती विश्व युद्ध की ओर बढ़ रही है। ऐसे में भारत जैसे शांतिप्रिय, निर्गुण देश को भी सावधान और सतर्क हो जाना चाहिए। उसके परंपरागत शत्रु चीन और पाकिस्तान भी हमेशा भारत की सीमा में घात लगाए बैठे रहते हैं और आक्रमण का खतरा भी सदैव बना रहता है। आइये भारत का एक रचनात्मक विश्लेषण करते हैं-: भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।यहां वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया-प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए है। देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज के लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। पर स्वतंत्रता के 77 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है। समाज की मुख्यधारा में राष्ट्रवाद को एक प्रमुख अस्त्र बनाकर देश की प्रगति में इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। भारत में आजादी के 75 वर्ष बाद भी ब्रिटिश हुकूमत की तरह गरीबी, भूखमरी ,बेरोजगारी ,नक्सलवाद, आतंकवाद, सांप्रदायिकता,भाषावाद एवं क्षेत्रीय विघटनकारी प्रवृत्तियां सर उठाये घूम रही हैं, हम इन पर अभी तक प्रभावी नियंत्रण नहीं लगा पाए हैं। हमें इन सब विसंगतियों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय नागरिकता एवं भारत राष्ट्र की विकास की अवधारणा को राष्ट्रवाद से जोड़कर आर्थिक विकास को एक नया आयाम देना होगा,तब जाकर भा मजबूत एवं आत्मनिर्भर बन सकेगा। किसी बात का विरोध हिंसा के बिगड़े स्वरूप की तरफ शासकीय संपत्ति को नष्ट करना देश हित में नहीं।

## सशक्तिकरण

# परिवर्तन को समर्थ बनाना : महिला एवं बाल विकास में तकनीकी परिवर्तन का एक दशक

**श्रीमती अन्नपूर्णा देवी**



सशक्तिकरण की शुरुआत पहुँच - अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुँचसे होती है । बीते दशक में, अधिक समावेशी और डिजिटल रूप से सशक्त भारत का निर्माण करने पर केंद्रित मोदी सरकार की प्रतिबद्धता के माध्यम से इस पहुँच को नए सिरे से परिभाषित किया गया है और सभी के लिए सुलभ बनाया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय इस परिवर्तन में सबसे अग्रणी रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत @2047के विजन से निर्देशित, मंत्रालय ने लाभ को अंतिम छोर तक त्वनरित, पारदर्शी और कुशल तरीके से पहुँचाना सुनिश्चितकरने के लिए अपने कार्यक्रमों में प्रौद्योगिकी कोव्यवस्थित रूप से एकीकृत किया है। हम अक्सर कहते हैं: "सशक्त महिलाएँ, सशक्त भारत।" और सशक्तिकरण की शुरुआत पहुँच - अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुँच से होनी चाहिए । आज, यह पहुँच तेज़ी से डिजिटल होती जा रही है। जो कभी आकांक्षापूर्ण था, वह अब क्रियाशील बन चुका है–ऐसा सरकार द्वारा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, रियल-टाइम डेटा सिस्टम और उत्तरदायी शासन पर ज़ोर दिए जाने की बदौलत संभव हुआ है। मंत्रालय नेदेखरेख, संरक्षण और सशक्तीकरण पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित करते हुए -पोषण, शिक्षा, कानूनी सुरक्षा और आवश्यक अधिकारों तक पहुँच को मजबूत किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं और बच्चे न केवल अधिक स्वस्थ, अधिक सुरक्षित जीवन जी सकें, बल्कि वे आत्मविश्वासी नेतृत्व कर्ता औरअमृत काल के परिवर्तनकर्ता के रूप में भी उभर सकें। जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री ने बहुत सटीक रूप से कहा है, "मैं प्रौद्योगिकी को सशक्त बनाने के साधन के रूप में तथाआशा और अवसर के बीच की दूरी को पाटने वालेउपकरण के रूप में देखता हूँ।" इस लोकाचार ने मैनुअल प्रक्रियाओं से लेकर रियल-टाइम डैशबोर्ड तक, असंबद्ध योजनाओं से लेकर एकीकृत प्लेटफार्मों तक हमारे परिवर्तन का मार्गदर्शन किया है।

इस परिवर्तन की आधारशिला सक्षम आंगनवाड़ी पहल है।भारत भर में 2 लाख से ज़्यादा आंगनवाड़ी केंद्रों को आधुनिक और सशक्त बनाने के लिए निरुपित यह कार्यक्रम बाल्या वस्थाव देखरेख और विकास की अगली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है। पोषण, स्वास्थ्य सेवा और पूर्व-विद्यालयी शिक्षा सेवाओं की ज़्यादा प्रभावी प्रदायगी संभवबनाते हुए इन केंद्रों कोस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल डिवाइस और नए-नए लर्निंग टूल्स के साथ अपग्रेड किया जा रहा है। देश भर में 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को पोषण ट्रैकर के साथ एकीकृत करने से रियल-टाइम डेटा एंट्री, कार्य निष्पोदन की निगरानी और साक्ष्य-आधारित नीतिगत हस्तक्षेप संभव हो पाया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन और व्यापक प्रशिक्षण से लैस करके, यह पहल अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करती है। यह 2014 से पहले मौजूद मैनुअल रिकॉर्ड-कीपिंग और डेटा ब्लाइंड स्पॉट से एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक है। एक दशक पहले, आईसीडीएस प्रणाली असंबद्ध डेटा, विलंबित प्रतिक्रियाओं और रियल-टाइम ट्रैकिंग की कमी से दबी हुई थी। पोषण ट्रैकर ने - पोषण सेवा प्रदायगी में सटीकता, दक्षता और जवाबदेही की शुरुआत कर इस परिदृश्य को बदल दिया है।10.14 करोड़ से ज़्यादा लाभार्थी अब इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हैं- जिनमें गर्भवती महिलाएँ, स्तनपान कराने वाली माताएँ, छह साल से कम उम्र के बच्चे और किशोरियाँ शामिल हैं। यह प्लेलटफॉर्म विकास की निगरानी और पूरक पोषण प्रदायगी पर रियल-टाइम अपडेट को सक्षम बनाते हुए समय पर हस्तक्षेप और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण सुनिश्चित करता है। डिजिटल रूप से सशक्त सामुदायिक केंद्रों के रूप में आंगनवाड़ी केंद्रों कीनए सिरे से परिकल्पना कर,शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाटते हुए- पोषण ट्रैकर महत्वापूर्ण रूप से स्वस्थ भारत, सुपोषित भारत के राष्ट्रीय विजन को आगे बढ़ा रहा है। लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार (2025) से सम्मानित यह मंच 'पोषण भी पढाई भी' का भी समर्थन करता है, जो प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान करते हुए विकसित भारत के अमृत काल में समग्र देखभाल को बढ़ावा दे रहा है पूरक पोषण कार्यक्रम (एसएनपी) में पारदर्शिता को और मजबूत करने तथालीकेज कम करनेके लिएएक फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम शुरू किया गया है। इस डिलिवरी तंत्र को सुरक्षित, सटीक और सम्मानजनक बनाते हुए यह सुनिश्चित करता है कि पोषण सहायता केवल पात्र लाभार्थियों को ही मिले। प्रौद्योगिकी-आधारित प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से यहमंत्रालय पोषण से बढ़कर,महिलाओं के लिए सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित कर रहा है। शी-बॉक्स पोर्टल हर महिला को, चाहे वह किसी भी रोजगार की स्थिति में हो या संगठित या असंगठित, निजी या सार्वजनिक क्षेत्र में काम करती हो, पॉशअधिनियम के तहत उसे शिकायत दर्ज कराने के लिए सिंगल-विंडो एक्सेस प्रदान करता है.

- जिससे ऑनलाइन निवारण और ट्रैकिंग संभव हो पाती है। इस बीच, मिशन शक्ति डैशबोर्ड एंड मोबाइल ऐप संकट से घिरी महिलाओं को एकीकृत सहायता प्रदान करता है, उन्हें निकटतम वन स्टॉप सेंटर से जोड़ता है - जो अब लगभग हर जिले में चालू है। ये कदम इस बात का उदाहरण हैं कि तकनीक का उपयोग न केवल दक्षता के लिए, बल्कि न्याय, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए भी किया जा रहा है। एक दशक पहले, मातृत्व लाभ की निगरानी करना मुश्किल था और इसमें देरी होती थी। मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई)की शुरूआत की है - जो मातृ कल्याण की दिशा मेंबहुत बड़ा बदलाव है।

# देश में नशे के सौदागरों का बढ़ता जाल

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

भारत आज एक दोहरी लड़ाई लड़ रहा है—एक तरफ तकनीक और विकास की उड़ान है, और दूसरी ओर समाज के भीतर नशे का अंधकार फैलता जा रहा है। नशा अब सिर्फ एक व्यक्तिगत बुराई नहीं रह गया, बल्कि यह एक संगठित उद्योग, एक अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र और एक सामाजिक महामारी का रूप ले चुका है। देश के गाँव से लेकर शहर तक, स्कूलों से लेकर कॉलेजों तक, और अमीरों की पार्टियों से लेकर गरीबों की गलियों तक, नशे के सौदागर अपना जाल फैलाए बैठे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि अब यह जाल केवल शराब या गांजे तक सीमित नहीं रहा। सिंथेटिक ड्रग्स, केमिकल नशे, हेरोइन, ब्राउन शुगर, कोकीन जैसे घातक पदार्थ अब भारत के युवाओं के जीवन को खोखला कर रहे हैं। पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, मणिपुर, गोवा जैसे राज्यों में तो यह जहर सामाजिक ताने-बाने को चीर चुका है। एक ओर सरकार "युवाओं को स्किल्ड बनाने" की बात करती है, दूसरी ओर लाखों नौजवान नशे की गिरफ्त में अपनी ऊर्जा, जीवन और भविष्य गंवा रहे हैं। नशे के पीछे एक पूरा तंत्र सक्रिय है—पैसे के लिए इंसानियत का सौदा करने वाले ड्रग माफिया, पुलिस और राजनीति में मिलीभगत, विदेशों से आने वाली तस्करी की खेप, और स्थानीय स्तर पर युवाओं को इस दलदल में धकेलने वाले एजेंट। ये सब मिलकर देश को अंदर से खोखला कर रहे हैं। यह कोई संयोग नहीं कि हर बड़ी ड्रग बरामदगी के पीछे किसी न किसी रसूखदार का नाम सामने आता है, लेकिन मामला वहीं दबा दिया जाता है। एक वर्ग ऐसा भी है जो नशे को "लाइफस्टाइल" का हिस्सा मानने लगा है। ऊंचे दर्जे की पार्टियों में ड्रग्स फैशन बन चुकी है। वहां कोई इसे सामाजिक अपराध नहीं मानता, बल्कि 'कूलनेस' का प्रतीक बना दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ गरीब युवा—जो बेरोजगारी, हताशा और टूटी हुई उम्मीदों के शिकार हैं—उन्हें नशा एक अस्थायी राहत की तरह दिखता है। दोनों ही हालात समाज को विनाश की ओर ले जा रहे हैं। स्कूलों और कॉलेजों में नशा जिस तरह से प्रवेश कर चुका है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक गहरी चेतावनी है। कई रिपोर्टें बताती हैं कि स्कूल के बच्चे तक ड्रग्स की चपेट में हैं। छोटे-छोटे पाउच, चॉकलेट जैसे पैकेट्स, खुशबूदार पाउडर—इनके ज़रिए नशा परोसा जा रहा है। और जब बच्चे इसकी गिरफ्त में आते हैं, तो परिवार, शिक्षक और समाज—सभी असहाय हो जाते हैं। भारत के संविधान ने हमें एक 'स्वस्थ राष्ट्र' का सपना दिया था, लेकिन जिस देश के युवा ही बीमार और नशे में हों, उस राष्ट्र की कल्पना कैसे साकार होगी? युवा ही देश की रीढ़ होते हैं—यदि वही झुक जाएं, टूट जाएं या खोखले हो जाएं, तो देश भी खड़ा नहीं रह सकता। नशा केवल शरीर को नहीं, आत्मा को भी मारता है। यह निर्णय क्षमता को खत्म करता है, रिश्तों को तोड़ता है, अपराध को जन्म देता है और समाज में हिंसा और उदासी का माहौल फैलाता है। नशे की लत में पड़ा व्यक्ति अपने परिजनों के लिए बोझ बन जाता है। वह चोरी करता है, झूठ बोलता है, आत्महत्या तक कर लेता है। यह एक मात्र स्वास्थ्य या क़ानून व्यवस्था की समस्या नहीं है—यह नैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संकट है। माफिया नेटवर्क में पुलिस और राजनीतिक संरक्षण की बात करना कोई षड्यंत्र नहीं है, बल्कि कई बार कोर्ट और जांच एजेंसियों के रिकॉर्ड में यह स्पष्ट रूप से सामने आ चुका है। NDPS एक्ट (Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act) जैसे कानून मौजूद हैं, लेकिन इनका क्रियान्वयन बेहद कमजोर और पक्षपाती है। कई मामलों में पकड़ में आए ड्रग तस्करों को तकनीकी खामियों के चलते छोड़ दिया जाता है। वहीं गरीब या छोटे उपयोगकर्ता जेल में सड़ते हैं। सरकारें अक्सर ड्रग्स के खिलाफ "जागृति अभियान", "स्लोगन प्रतियोगिता", या "परेड" जैसे प्रतीकात्मक कार्यक्रम करती हैं, लेकिन सवाल है कि क्या इससे कुछ बदलता है? ज़रूरत है एक मजबूत नीति, ईमानदार क्रियान्वयन और सबसे बड़ी बात—राजनीतिक इच्छाशक्ति की। नशे की तस्करी अक्सर सीमावर्ती इलाकों से होती है—पंजाब-पाकिस्तान सीमा, मणिपुर-म्यांमार सीमा, गुजरात समुद्री तट और मुंबई बंदरगाह जैसे स्थानों से। इन इलाकों में हाई अलर्ट की जरूरत है, लेकिन अक्सर सुरक्षा तंत्र या तो लापरवाह होता है या भ्रष्ट। पिछले कुछ वर्षों में टनों की मात्रा में ड्रग्स पकड़े जाने के बावजूद, ड्रग लॉर्ड्स पर कार्यवाही न के बराबर हुई है। इससे अपराधियों का मनोबल और बढ़ता है। इसमें मीडिया की भूमिका भी कमज़ोर रही है। कुछ चुनिंदा मामलों में मीडिया टीआरपी के लिए "ड्रग्स ड्रामा" दिखाता है, लेकिन अधिकतर समय वह इस गंभीर मुद्दे को उपेक्षित छोड़ देता है। और जब बॉलीवुड जैसी चमकती दुनिया में ड्रग्स की चर्चा होती है, तो उसे भी 'गॉसिप' बना दिया जाता है, असल सामाजिक विमर्श नहीं। इस पूरे संकट का सबसे दुखद पहलू यह है कि इससे जुड़ा व्यक्ति अकेला नहीं मरता—उसके साथ पूरा परिवार, और धीरे-धीरे एक पीढ़ी मुरझा जाती है। मां-बाप अपनी औलाद को नशे में खोते हैं, भाई-बहन रिश्तों की राख में बदल जाते हैं.

## सू-दोकू 98

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.098 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# मेकअप में कई तरीकों से इस्तेमाल किया जा सकता है फाउंडेशन

फाउंडेशन एक मेकअप प्रोडक्ट है, जो त्वचा के रंग को समान बनाने और उसे चमकदार दिखाने में मदद करता है। आमतौर पर फाउंडेशन का उपयोग चेहरे पर बेस बनाने के लिए किया जाता है, लेकिन इसके कई अन्य उपयोग भी हैं। इस लेख में हम आपको फाउंडेशन के कुछ अनोखे और असरदार उपयोगों के बारे में बताएंगे, जिससे आप अपने मेकअप रूटीन को और भी खास बना सकती हैं।

**लिपस्टिक के बेस के रूप में करें इस्तेमाल**-फाउंडेशन का इस्तेमाल लिपस्टिक के बेस के रूप में किया जा सकता है। अगर आपके पास लिपस्टिक है, जो हल्की या फिर बहुत ज्यादा रंगीन नहीं है तो उसे लगाने से पहले अपने होठों पर थोड़ा सा फाउंडेशन लगाएं। इससे लिपस्टिक का रंग और गहरा दिखेगा और वह पूरे दिन टिकेगी। इसके अलावा फाउंडेशन लगाने से आपके होंठों का रंग और भी गहरा और आकर्षक दिखेगा, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।

**आईशैडो को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए करें उपयोग**-फाउंडेशन का उपयोग आईशैडो के बेस के रूप में भी किया जा सकता है। अगर, आपकी आईशैडो जल्दी धुंधली हो जाती है या फिर फैल जाती है तो उसे लगाने से पहले अपनी पलकें पर थोड़ा सा फाउंडेशन लगाएं। इससे आईशैडो लंबे समय तक टिकी रहेगी और आपकी आंखें खूबसूरत दिखेंगी। इसके अलावा फाउंडेशन लगाने से आईशैडो का रंग भी ज्यादा गहरा और आकर्षक दिखेगा, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।

**दाग-धब्बों को छिपाने के लिए करें इस्तेमाल**-फाउंडेशन का उपयोग दाग-धब्बों को छिपाने के लिए भी किया जा सकता है। अगर आपके चेहरे पर कोई दाग-धब्बा हो तो उसे छिपाने के लिए फाउंडेशन का उपयोग करें।

### सरकार जाते ही स्थानीय युवाओं के रोजगार की चिंता करने लगे कांग्रेसी: रमेश गावड़े

# एनएमडीसी में निकली भर्ती पर सियासत गर्म

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 4 जुलाई।** जनपद उपाध्यक्ष दंतेवाड़ा रमेश गावड़े ने कहा की हाल ही में एनएमडीसी द्वारा एल 1 एवं एल 2 की वेकन्सी निकालने पर कांग्रेसी बौखला गए है अचानक उन्हें युवाओं के रोजगार की चिंता सताने लगी है , स्थानीय युवाओं के रोजगार की चिंता भाजपा सरकार कर रही है और केंद्र एवं प्रदेश में भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता एवं भाजपा सरकार के जनप्रतिनिधियों के लगातार प्रयास से ही भर्ती निकाला गया है जिससे अधिक से अधिक क्षेत्रीय युवा इसका लाभ उठा सके जिसके लिए भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों के आग्रह पर ही एनएमडीसी प्रबंधन युवाओं का प्रशिक्षण भी करवा रहा है और इसका लाभ पडोसी जिले जैसे की सुकमा एवं बीजापुर के भी युवक युवती ले रहे है । गावड़े ने कहा की पिछले पांच वर्ष कांग्रेस सरकार में एक भी भर्ती नहीं निकाली गयी , आज जब निकाली गयी है तो कांग्रेसियों को पीड़ा हो रही है वे अनर्गल आरोप लगा रहे है जो स्पष्ट करता है की स्थानीय युवाओं के रोजगार से इनका कोई सरोकार नहीं है इन्हे बस ओछी राजनीती करना है । श्री गावड़े ने कहा की एनएमडीसी में अधिकांश कांग्रेस के ही एक संगठन इंटुक की मनमानी चलती है शायद इसलिए ये नहीं चाहते की अधिक से अधिक स्थानीय युवाओं को वहा रोजगार मिले इसलिए सिर्फ बयानबीर बनने का कार्य कर रहे है । देश में



अधिकांश 45 साल से ज्यादा कांग्रेस एवं उसके गठबंधन की सरकार रही तब से ही एनएमडीसी भर्ती प्रक्रिया किया जा रहा है , तब और अब में फर्क इतना ही है की स्थानीय युवाओं को उच्च एवं तकनिकी शिक्षा की व्यवस्था बस्तर में मिल रही है साथ ही प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें परीक्षा उत्तीर्ण करने में सहायता प्राप्त हो रही है ये सब भाजपा के जनप्रतिनिधियों के प्रयास से संभव हो पाया है । शासन - प्रशासन स्तर पर बस्तर के युवाओं के हित को ध्यान में रखते हुए प्रभारी मंत्री केदार कश्यप,बस्तर सांसद महेश कश्यप,विधायक चैतराम अटामी,जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता के मार्गदर्शन एवं निर्देश में ही जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम ने मध्यस्था की एवं एनएमडीसी प्रबंधन से फिलहाल एल 1 एवं एल 2 की भर्ती प्रक्रिया पर स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने हेतु विचार करने हेतु पुनः ध्यान आकर्षित किया एवं अवगत करवाया की नियुक्ति का निर्णय स्वागतयोग्य है परन्तु स्थानीय युवाओं को अधिक से अधिक मौका दिया जाये यह भी जरूरी है जबकि शासन - प्रशासन स्तर पर बिना बातचीत के धरना प्रदर्शन हेतु युवाओं को उकसाने एवं भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करवाने हेतु कुनीति तथा श्रेय लेने की होड़ कांग्रेसी एवं कुछ अवसरवादी राजनीतिक दलों के नेताओं के बयान से स्पष्ट होता है जिसे बस्तर की जनता भलीभांति समझती है ,जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम लगातार बस्तर के युवाओं के हित में अपनी आवाज बुलंद करते रहे है और उनके प्रयास का सार्थक परिणाम ही है की आज भर्ती निकली है जिसे कुछ लोग राजनीती की भेंट चढाने की नाकाम कोशिश कर रहे है जल्द ही भर्ती होगी और nmdc प्रबंधन स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देगा nmdc द्वारा आश्वासन प्राप्त हुआ है जो युवाओं की जीत है परन्तु इस जीत का श्रेय लेने ओछी राजनीती एवं बयानबाजी करने हेतु कुछ कांग्रेसी नेता आतुर है उनसे सावधान रहना है और सवाल भी बनता है की जिन्हीने 05 वर्ष एक भर्ती नहीं निकाली वो किस अधिकार से बात करते है ।

## एक नजर

### टीबी मुक्तभारत अभियान चितालंका से शुरू

**दंतेवाड़ा, 4 जुलाई ।** जिला दंतेवाड़ा कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिले के समस्त ग्राम पंचायत, जनपद एवं जिला पंचायत के जनप्रतिनिधियों को निक्षय मित्र के रूप में नामांकित किया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत ग्राम पंचायत चितालंका से इसका शुभारंभ किया गया। इस मौके पर चितालंका ग्राम पंचायत की महिला सरपंच श्रीमती मुन्नी भास्कर के द्वारा निक्षय मित्र के रूप में नामांकित होकर अपने पंचायत के पांच (05) मरीजों को पोषण आहार प्रदाय करने का संकल्प लेते हुए टीबी के उन सभी उपचाररत मरीजों को पोषण आहार प्रदाय किया गया तथा उन्हेंने नियमित रूप से टीबी विरोधी दवा का सेवन करने हेतु कहा। गौरतलब है कि जिला क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम समन्वयक पी रवि कुमार, कार्यक्रम सहायक मेघ प्रकाश शेरपा एवं टीबी मितान रविंद्र कर्मा के द्वारा टीबी मरीज को जिले में और ब्लॉक स्तर पर चिन्हांकित कर संबंधित ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, एवं जिला पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों से संपर्क साध कर उन्हें उपचाररत मरीज से लिंक कराया जा रहा है।

### सहकारी समितियों से किसानों को बीज और उर्वरक की बेहतर उपलब्धता

**कांकेर, 4 जुलाई ।** जिले में किसानों को समय पर बीज और उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए सहकारी समितियों द्वारा भण्डारण और वितरण कार्य तेज़ी से किया जा रहा है। इस वर्ष धान बीज वितरण का लक्ष्य 12,690.80 क्विंटल निर्धारित किया गया था, जिसके विरुद्ध समितियों में 10,908 क्विंटल बीज का भण्डारण किया गया है। कृषि विभाग के उप संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों की मांग को ध्यान में रखते हुए आईआर-64, एमटीयू-1010, एमटीयू-1001, स्वर्णा, विक्रम टीसीआर, एमटीयू-1156, सोनागाठी, डीआरआर-42 सहित विविध किस्मों का भंडारण किया गया, जिनमें से अब तक 7,999.20 क्विंटल बीज का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार उर्वरक वितरण में भी समितियाँ सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। खाद बीज की उपलब्धता के आधार पर जिले के किसानों को मांग के आधार पर तत्काल वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

### 5 जुलाई से चलाया जाएगा मोर गांव-मोर पानी अभियान

**कांकेर, 4 जुलाई ।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिले में 'मोर गांव मोर पानी' महाभियान के तहत जल संरक्षण और भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। साथ ही 'एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0' के तहत वृक्षारोपण के कार्य भी किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने बताया कि जिले में इसे अभियान के रूप में 05 से 10 जुलाई तक ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों द्वारा श्रमदान व जनसहयोग के माध्यम से सामुदायिक स्थानों एवं निजी हितग्राहियों के लिए सोकपिट निर्माण, सामुदायिक व प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों हेतु वाटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण, सामुदायिक स्थल, अमृत सरोवर, प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों के यहां वृक्षारोपण का कार्य किया जाएगा। इसके अलावा जिले को हरित पर्यावरण के प्रति संवेदनशील और टिकाऊ विकास की दिशा में अग्रसर करना है। उन्होंने बताया कि जनभागीदारी को प्राथमिकता देते हुए ये अभियान स्थानीय समुदायों को पर्यावरण संरक्षण के महाअभियान से जोड़ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में हरित आवरण बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना है। यह अभियान पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा देने के साथ ही वृक्षारोपण कार्य से वर्षा जल के बहाव से बड़े पैमाने पर मिट्टी का कटाव की समस्या पर भी स्थायी समाधान मिलेगा। जिले में जल संवर्धन के लिए विभिन्न संरचनाओं का निर्माण कार्य तेज गति से जारी है।

### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए पंजीयन 13 जुलाई तक

**कांकेर, 4 जुलाई ।** भारत सरकार नई दिल्ली के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए 13 जुलाई तक पंजीयन किया जा सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि राज्य, केन्द्र शासन से मान्यता प्राप्त विद्यालयों (प्राइमरी, मिडिल, हाई एवं हायर सेकेण्डरी) के शिक्षक पात्र होंगे। सेवा निवृत्त शिक्षक, संविदा शिक्षक, शिक्षा मितान, शैक्षिक प्रशासक एवं निरीक्षक पात्र नहीं होंगे। पात्र शिक्षक ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित पोर्टल www.nationalaward-stoteachers.gov.in में पंजीयन कर सकते हैं।

# ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों को पुस्तक,गणवेश वितरित

**सुकमा,4 जुलाई ।** विकासखंड सुकमा द्वारा विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन शासकीय बालक आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन गादीरास किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भा.ज.पा. जिलाध्यक्ष सुकमा धनीराम बारसे जी, विशेष अतिथि महेश कुंजाम जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुकमा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमति माड़े बारसे जिला पंचायत सदस्य सुकमा, श्रीमती गीता कवासी जिला पंचायत सदस्य सुकमा, श्रीमती रीना पेददी जनपद पंचायत शिक्षा समिति सभापति सुकमा, श्री नूपुर वैदिक जी उपाध्यक्ष भा. ज.पा. सुकमा, श्री दिलीप पेददी जी जिलामंत्री भा.ज.पा. सुकमा, श्री संजय सोढ़ी जी भा. ज.पा. युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुकमा, श्री हूँगाराम मरकाम जी अध्यक्ष




नगरपालिका सुकमा, उपस्थित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री हूँगाराम मरकाम जी अध्यक्ष नगरपालिका सुकमा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड सुकमा के विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री सुखराम देवांगन जी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुकमा श्री प्रफुल्ल डेनियल जी, खंड स्त्रोत समन्वयक सुकमा श्री दीपक कुमार बारसे जी, समस्त संकुल समन्वयक विकासखंड सुकमा, समस्त शिक्षक-शिक्षिकायें, समस्त कर्मचारी एवं प्यारे बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत का सम्मान किया गया। अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर पुस्तक व गणवेश वितरण करते हुए बच्चों का स्वागत करते हुए नाव प्रवेशी बच्चों को गणवेश व पुस्तक वितरण किया गया । सभी मुख्य अतिथियों द्वारा बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में समझाते हुए प्रतिदिन स्कूल आने की समझाइश दी साथ ही अपने राज्य जिला व अपने माता-पिता का नाम रौशन करने हेतु प्रेरित किया गया। इसी बीच मुख्य अतिथि महोदय श्री धनीराम बारसे जी के द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके साथ बैठकर चर्चा किया गया, अपने अनुभव को साझा करते हुए शिक्षा के महत्व के बारे में समझाया। अंत मे हर्षोल्लास के साथ विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का समापन किया गया।

# दंतेवाड़ा का गौरव बढ़ाने वाली बेटियों को कलेक्टर ने दी बधाई



**दंतेवाड़ा, 4 जुलाई ।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिले दंतेवाड़ा की तीन बेटियों कृ नूपुर ठाकुर, छाया नाग और नेहल ठाकुर कृ ने तेलंगाना के खैराताबाद में आयोजित 11वीं राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर जिले के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय जोड़ा है। यह जीत न केवल दंतेवाड़ा जिले, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ रा'य के लिए गौरव का क्षण है।उल्लेखनीय है कि तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के 8 रा'यों से लगभग 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से छत्तीसगढ़ के 14 खिलाड़ियों ने पदक जीते। खास बात यह रही कि दंतेवाड़ा जिले की तीन बेटियों ने स्वर्ण पदक जीतकर यह सिद्ध कर दिया कि मेहनत, लगन और परिवार के सहयोग से कोई भी चुनौती पार की जा सकती है। खेलों के प्रति सीमित संसाधनों और सुविधाओं के बावजूद, इन खिलाड़ियों ने कठिन अभ्यास और दृढ़ इ'छाशक्ति से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। ज्ञात हो कि नुपुर ठाकुर इससे पहले गोवा में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। इस उपलब्धि के उपरांत, आज तीनों स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों ने जिला कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत से सौजन्य भेंट की। कलेक्टर श्री दुदावत ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा की बेटियाँ आज पूरे राज्य के लिए प्रेरणा बन गई हैं।

# जिले के डॉ. विक्की कुमार नेताम ने यंग साइंटिस्ट कांग्रेस में जीता गोल्ड

**दंतेवाड़ा, 4 जुलाई ।** जिले के गीदम ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बिंजाम के बड़े पारा के रहने वाले प्रतिभावान छात्र एवं रिसर्चर डॉ. विक्की कुमार नेताम ने अंबिकापुर में हुए यंग साइंटिस्ट कॉन्फ्रेंस में भाग लेकर वहां यंग साइंटिस्ट अवार्ड 2025 के तहत गोल्ड मेडल हासिल किया। इस संबंध में 31 वर्षीय विक्की कुमार नेताम ने बताया कि उन्होंने 2025 में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर से 2025 में कृषि संकाय के आनुवंशिकी और पादप प्रजनन विषयान्तर्गत पीएचडी उपाधि प्राप्त की और उनकी प्राथमिक हाई स्कूल की पढ़ाई फरसपाल में ही पूरी हुई तत्पश्चात उन्होंने पीएटी परीक्षा पास कर षहीद गुण्डाधुर कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एवं रिसर्च सेंटर कुम्हरावड जगदलपुर से सीएटी उत्तीर्ण किया। अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने मेन एडवाईजर डॉ. एन आर रंगारे तथा विषय विशेषज्ञ डॉ. पीके जोशी को देते हुए कहा कि वे भविष्य में वे जिले के क्षेत्र अनुरूप कृषि संभावनाओं तथा उन्नत कृषि तकनीक जैविक कृषि पर रिसर्च जारी रखना चाहते है। क्षेत्र के युवाओं को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि वे कृषि संकाय के विभिन्न कार्य क्षेत्रों में अपना कैरियर बना सकते है।

# केरल की तर्ज पर धमनी में शुरू होगी बैंबू रिवर राफ्ट राइडिंग



**बलौदाबाजार, 4 जुलाई।** प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर बलौदा बाजार जिला अब एक नए पर्यटन आयाम की ओर बढ़ रहा है। कल- कल बहती नदियों, हरियाली से आच्छादित वादियों और वन्यजीवों की मौजूदगी के कारण पहले से ही प्रसिद्ध इस जिले में अब रिवर फ्लोटिंग राफ्ट राइड की शुरुआत की जा रही है।

रिवर फ्लोटिंग राफ्ट राइड धमनी क्षेत्र में की जाएगी, जो कि महानदी के किनारे बसा एक ऐतिहासिक पर्यटन स्थल है। धमनी क्षेत्र अंग्रेजों के जमाने से ही एक विकसित पर्यटन क्षेत्र माना जाता रहा है, जो चारों ओर से घने जंगलों और प्राकृतिक जलस्रोतों से घिरा हुआ है। यहां बारहसिंगा, जंगली सूअर, खरगोश जैसे वन्य जीवों का निवास है, जो वन्य प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता है।इस नई पहल की जिम्मेदारी जिले के नवपदस्थ वन मंडल अधिकारी (ष्ठस्नह्) रणवीर धम्म शील ने उठाई है। उनके निर्देशन में धमनी को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसके लिए वन प्रबंधन समिति के 15 सदस्यों को बस्तर के कांगेर घाटी एवं घुड़मरस पर्यटन स्थलों के अध्ययन दौरे पर भेजा गया था, जहां से वे फ्लोटिंग राफ्टिंग के व्यावहारिक अनुभव के साथ लौटे हैं।

### युवाओं को मिलेगा रोजगार

गौरतलब है कि, फ्लोटिंग राफ्ट राइड की सुविधा देश में अब तक केवल केरल और हाल ही में बस्तर में उपलब्ध थी। यदि सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो धमनी क्षेत्र देश का तीसरा पर्यटन स्थल होगा जहां यह आकर्षण उपलब्ध होगा। योजना के अनुसार, बांस की छोटी-छोटी राफ्ट (कांटे) बनाई जाएंगी, जिससे पर्यटक नदी भ्रमण का आनंद ले सकेंगे। इसके अलावा, स्थानीय युवाओं को विशेष प्रशिक्षण देकर रोजगार के नए अवसर भी प्रदान किए जाएंगे।

# डीएपी की जगह अन्य उर्वरकों का उपयोग करने किसानों को दी सलाह

**कांकेर, 4 जुलाई ।** जिले के भानुप्रतापपुर विकासखण्ड में किसानों को डीएपी खाद की कमी पूर्ति हेतु अन्य वैकल्पिक खाद फास्फोरस एवं नत्रजन जैसे पोषक तत्वों का उपयोग करने की तकनीकी सलाह दी गई। इसके अलावा किसानों को डीएपी के विकल्प के रूप में नैनो डीएपी का भी छिड़काव करने की सलाह दी गई।

भानुप्रतापपुर कृषि के अनुविभागीय अधिकारी श्री नाग ने बताया कि डीएपी एक ऐसी खाद है, जो भारत में नहीं बनती है। इसके लिए अन्य देशों से आयात पर निर्भर रहना पड़ता है और आयात सामान्य से कम हुआ है। ऐसी स्थिति में डीएपी खाद की सप्लाई पर्याप्त मात्रा में नहीं हो रही है, यदि किसानों को डीएपी खाद नहीं मिलता है तो किसान इसके विकल्प के रुप में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा बताए गए अनुशंसित मिक्स खाद का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने किसान भाईयों को बेहतर फसल उत्पादन के लिए फास्फोरस एवं नत्रजन पोषक तत्वों की पूर्ति हेतु अन्य उर्वरकों का उपयोग करने की तकनीकी सलाह दी। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि धान जल्दी पकने वाली व देशी किस्म हेतु 24 किलोग्राम नत्रजन, 16 किलोग्राम स्फूर एवं 8 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश की प्रति एकड़ आवश्यकता होती है, जिसकी पूर्ति 52 किलोग्राम यूरिया, 100 किलोग्राम सुपर फास्फेट, 13 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 50 किलोग्राम एनकेपीके, 39 किलोग्राम यूरिया या 80 किलोग्राम कॉम्प्लेक्स कॉम्प्लेक्र उर्वरक एनपीकेएस, 18 किलोग्राम यूरिया एवं 13 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश से की जा सकती है। इसी प्रकार धान की बौनी किस्में 141 दिन से अधिक हेतु 32 किलोग्राम नत्रजन, 20 किलोग्राम स्फूर एवं 12 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश की प्रति एकड़ आवश्यकता होती है। जिसकी पूर्ति 70 किलोग्राम यूरिया, 125 किलोग्राम सुपर फास्फेट, 20 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 62 किलोग्राम एनकेपीके (12 = 32 = 16), 54 किलोग्राम यूरिया व 4 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 100 किलोग्राम कॉम्प्लेक्स उर्वरक एनपीकेएस, 26 किलोग्राम यूरिया एवं 20 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश से किया जा सकता है। इसके अलावा धान की बौनी किस्में मध्यम अवधि 126-140 दिन हेतु 40 किलोग्राम नत्रजन, 24 किलोग्राम स्फूर एवं 16 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश की प्रति एकड़ आवश्यकता होती है। इसी तरह मक्का हाईब्रिड किस्में हेतु 40 किलोग्राम नत्रजन, 24 किलोग्राम स्फूर एवं 16 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश की प्रति एकड़ आवश्यकता होती है. जिसकी पूर्ति 87 किलोग्राम यूरिया, 150 किलोग्राम सुपर फास्फेट, 27 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 75 किलोग्राम एनकेपीके, 67 किलोग्राम यूरिया व 7 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 120 किलोग्राम कॉम्प्लेक्स उर्वरक एनपीकेएस, 35 किलोग्राम यूरिया एवं 27 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश से किया जा सकता है।

# पीएम आवास निर्माण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं :सीईओ



**सुकमा,4 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के सभी ग्राम पंचायतों में नियुक्त नोडल अधिकारी-कर्मचारी की योजनांतर्गत लक्ष्य के विरुद्ध लंबित आवास स्वीकृति को पूर्ण कराने, पीएम आवास प्रथम किश्त भुगतान उपरांत लंबित निर्माणाधीन आवासों को प्लिंथ स्तर के जिओ टैगिंग, द्वितीय किश्त भुगतान उपरांत लंबित अपूर्ण आवासों को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सर्वाधिक लंबित ग्राम पंचायतों के सचिवों को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। नोडल अधिकारियों और कर्मचारियों को सप्ताह में कम से कम एक बार ग्राम पंचायतों में जाकर कार्य की प्रगति देखने और कार्य में तेजी लाने निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सर्व जनपद सीईओ और अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# धोबनपाल में किसानों को दिया गया प्रशिक्षण




**सुकमा,4 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कृषि विज्ञान केंद्र, सुकमा के तत्वावधान में ब्लॉक छिंदगढ़ के ग्राम धोबनपाल में तिल की खरीफ फसल की तैयारी एवं कतारबद्ध बुआई विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को तिलहन उत्पादन की उन्नत तकनीकों से अवगत कराना था।प्रशिक्षण में केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप एवं कीट वैज्ञानिक डॉ. योगेश कुमार सिदार ने किसानों को सफेद तिल की उन्नत किस्म उन्नत रामा की विशेषताओं एवं उत्पादन विधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। बताया गया कि इस वर्ष जिले में कुल 198 हेक्टेयर क्षेत्र में तिलहन अग्रिम पंक्ति समूह प्रदर्शन किए जाने हैं। इसके लिए किसानों का चयन, खेत की तैयारी, बुआई का उपयुक्त समय, बीज की मात्रा, बीज उपचार, जैव एवं रासायनिक खाद का संतुलित उपयोग, साथ ही कीट एवं रोग नियंत्रण की समुचित जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने कतारबद्ध बुआई की उपयोगिता पर जोर देते हुए कहा कि इससे फसल की देखरेख आसान होती है और उत्पादन में वृद्धि संभव है। किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों की जानकारी भी दी गई, जिससे श्रम एवं लागत की बचत करते हुए अधिक लाभ प्राप्त किया जा सके। कार्यक्रम में कुल 32 किसान सहभागी बने। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र से श्री परमेश सिंह शोरी भी उपस्थित रहे।

# बूथ लेबल अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण



**सुकमा, 4 जुलाई ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में आगामी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 की प्रारम्भिक तैयारी के तहत बीएलओ सुपरवाइजर एवं बूथ लेबल अधिकारियों का ब्लॉकवार 3 दिवसीय प्रशिक्षण नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी(रा) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री शबाब खान की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर श्री रुपेश समरथ एवं श्री सौरभ उप्पल के द्वारा दिया गया, जिसमें श्री शबाब खान द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र बूथ लेबल अधिकारियों और बीएलओ सुपरवाइजर की जिम्मेदारियों और कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। उसके बाद द्वितीय सत्र में मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण एवं आवश्यक बिंदुओं पर रुपेश समरथ एवं बीएलओ ऐप एवं वोटर हेल्पलाइन ऐप के बारे में तकनीकी जानकारी श्री सौरभ उप्पल द्वारा दी गई। प्रशिक्षण के पहले दिन तहसील कोंटा एवं सुकमा के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर प्रशिक्षण हेतु उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी महोदय गजेंद्र ठाकुर, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों से पार्श्व प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**सुकमा, 4 जुलाई ।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, सुकमा एवं कोन्टा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 7वीं, 8वीं एवं 9वीं में सीमित सीटों पर अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों से पार्श्व प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया हैं। सीटें इस प्रकार हैं सुकमा विद्यालय में कक्षा 7वीं में 5 बालक, 1 बालिका, 8वीं में 1 बालिका, 9वीं में 1 बालक, 2 बालिका तथा कोन्टा विद्यालय में कक्षा 7वीं 2 बालक, 8वीं 2 बालक, 2 बालिका, 9वीं 2 बालक, 3 बालिका। फॉर्म वितरण 4 जुलाई से 16 जुलाई 2025 तक किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा 20 जुलाई 2025 (रविवार) को प्रातः 10:00 बजे से 1:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। चयन लिखित परीक्षा एवं दस्तावेज सत्यापन के आधार पर किया जाएगा। आवेदन फॉर्म एवं अन्य जानकारी संबंधित विद्यालय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है ।

# कारली में 9 जुलाई को प्लेसमेंट कैंप

**दंतेवाड़ा, 4 जुलाई ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्ग दर्षन केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार लाईवलीहुड कॉलेज कारली में 9 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे से शाम 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प हेतु एक्सिस बैंक दन्तेवाड़ा में फिल्ड ऑफिसर के 50 पद, ब्रांच रिलेषनषिप ऑफिसर की 30 पद की रिक्तियां प्राप्त हुई है, इस संबंध में इच्छुक आवेदक आवेदिका निर्धारित स्थल पर अपनी शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रति एक सेट छाया प्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते हैं। यह आयोजन पूर्णतः निशुल्क रहेगा।

# शिक्षा और सुविधा दोनों का संतुलन जरूरी: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा,4 जुलाई ।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, आश्रमों और छात्रावासों का गुरुवार को निरीक्षण किया। यह निरीक्षण रामाराम, गिरदालपारा, केरलापाल, मिसमा और दुब्बाटोटा क्षेत्रों में संचालित विद्यालयों और बालक आश्रमों में किया गया, इस दौरान उन्होंने स्कूलों में बच्चों से सीधे संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति को परखा साथ ही छात्रावासों में रहने वाले बच्चों की सुविधा, भोजन, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्थाओं की जायजा लिया। बालक आश्रम दुब्बाटोटा में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री ध्रुव ने बच्चों की उपस्थिति में कमी, शिक्षिका की अनुपस्थिति तथा कक्षाओं के संचालन में लापरवाही पाई गई। इस पर उन्होंने तत्काल शिक्षिका



देवनाशिका कुजूर, अधीक्षिका सुशीला कवासी और प्रधान अध्यापिका दीपा मंडावी को शोकॉज नोटिस जारी करने तथा एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। साथ ही आरएमएसए पोटाकेबिन केरलापाल में भी शिक्षा और संचालन व्यवस्था में लापरवाही पाई गई। कलेक्टर ने अधीक्षक दिनेशपाल और प्राचार्य भरत प्रसाद साहू को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री ध्रुव ने कक्षों में पहुंचे और बच्चों से गणित, हिंदी, अंग्रेजी जैसे विषयों से संबंधित मौखिक और लिखित प्रश्न पूछे। उन्होंने बच्चों से पहाड़े, शब्दों की वर्तनी, संख्याओं का ज्ञान, वाक्य रचना और सरल गणना करवाई और उनकी पढ़ाई का स्तर जांचा। बच्चों की शैक्षणिक जानकारी और उत्तर सुनकर उन्होंने खुशी जाहिर की। उन्होंने शिक्षकों एवं अधीक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की सकारात्मक शैक्षणिक गतिविधियाँ अन्य संस्थानों के लिए प्रेरणा बनें।स्वस्थ, सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण देना हमारी प्राथमिकता-कलेक्टर श्री ध्रुव ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और बच्चों की सुविधा दोनों पर एकसाथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा बच्चों की बुनियादी समझ का मजबूत होना बेहद आवश्यक है। शिक्षकों को चाहिए कि वे नियमित अभ्यास कराएं और कमजोर विद्यार्थियों को विशेष सहयोग दें। शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक बच्चे की सीखने की क्षमता के अनुसार शिक्षण पद्धति अपनाएं और दैनिक मूल्यांकन करें। कलेक्टर का निर्देश छात्रावासों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बच्चों को स्वस्थ, सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण देना हमारी प्राथमिकता है। कलेक्टर श्री ध्रुव ने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों और जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से आश्रम, छात्रावास और शैक्षणिक संस्थाओं का निरीक्षण करें तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पोषणयुक्त भोजन और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करें।

# युक्तियुक्तकरण से बदली खपराखोल की तस्वीर, स्कूल में लौटी रौनक

रायपुर, 4 जुलाई । शिक्षकविहीन स्कूलों की चिंता अब बीते दिनों की बात हो चली है। राज्य शासन द्वारा लागू की गई युक्तियुक्तकरण नीति ने गांव-गांव में शिक्षा की नई उम्मीद जगाई है। बिलासपुर जिला के कोटा विकासखंड का सुदूरवर्ती गांव खपराखोल भी अब इस बदलाव का साक्षी बन गया है। वर्षों से शिक्षकविहीन इस गांव के शासकीय प्राथमिक शाला को अब नियमित शिक्षक मिल चुके हैं, जिससे ग्रामीणों और पालकों में खुशी की लहर है।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा लागू युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत खपराखोल शाला में श्री अशोक क्षत्री और श्री सुनील सिंह पैकरा की पदस्थापना की गई है। इससे पहले इस विद्यालय में नियमित शिक्षक नहीं थे और आसपास के स्कूलों से वैकल्पिक व्यवस्थाओं से पढ़ाई का काम चलाया जा रहा था। नई पदस्थापना के साथ ही विद्यालय में शिक्षा की लौ फिर से प्रज्ज्वलित हो उठी है।नवनियुक्त शिक्षकों ने पदभार ग्रहण करते ही विद्यालय में जान फूंक दी। उन्होंने न केवल कक्षाओं का संचालन शुरू किया, बल्कि गांव में घर-घर जाकर पालकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित भी किया। परिणामस्वरूप, वर्तमान में विद्यालय में 46 विद्यार्थी नियमित रूप से अध्ययनरत हैं और इस वर्ष 7 नए बच्चों ने स्कूल में प्रवेश लिया है। विद्यालय में अब बच्चों की हँसी, पाठों की गूंज और सीखने की ललक स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है।शिक्षकों की नियुक्ति से केवल बच्चों का ही नहीं, बल्कि पूरे गांव का उत्साह बढ़ा है। पालक श्री मेलूराम जगत ने बताया कि उनकी बेटी तीसरी कक्षा में पढ़ रही है और अब शिक्षक नियमित रूप से पढ़ा रहे हैं जिससे उन्हें बच्चों के भविष्य की चिंता नहीं है। इसी तरह श्री सुखसागर मरावी, श्री मनहरण दास मानिकपुरी और श्री मंगलिन नेताम ने भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया और कहा कि खपराखोल जैसे छोटे और दूरस्थ गांव की चिंता कर शासन ने एक सराहनीय कार्य किया है।

छात्राएं आंचल, कुमकुम और भूमिका ने भी बताया कि उन्हें पढ़ाई में अब बहुत मजा आ रहा है और शिक्षक उन्हें बहुत अच्छे से पढ़ाते हैं। विद्यालय का परिवेश अब शिक्षण के अनुकूल हो चुका है और बच्चे पूरे मन से पढ़ाई में जुटे हुए हैं।खपराखोल की यह कहानी केवल एक गांव की नहीं, बल्कि राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की प्रतीक बन गई है। यह साबित करती है कि जब शासन की मंशा साफ हो और नीति मजबूत हो, तो शिक्षा के अंधेरे कोनों में भी रौशनी पहुंचाई जा सकती है। युक्तियुक्तकरण की यह पहल अब सिर्फ स्कूल में शिक्षक लाने तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह गांवों में उम्मीद, आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य का आधार बन चुकी है।



## एक नजर

### शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के होटल और खाद्य दुकानों का निरीक्षण किया टीम ने

धमतरी 4 जुलाई। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले के धमतरी शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के होटल, रेस्टोरेंट और मिष्ठान भण्डार सहित अन्य खाद्य परिसरों का औचक निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि दल द्वारा धमतरी स्थित हर्ष सुपर मार्ट, दीपक होटल बठेना, दी जिंजर लीफ रूद्री रोड, भैरूनाथ पावभाजी, सेवन स्टॉर रेस्टोरेंट लक्ष्मी निवास, सोनकर चिकन सेंटर, बादशाह एग रोल, यादव चाट सेंटर का निरीक्षण किया गया। इसी तरह सूर्या किराना स्टोर्स कोलियारी, माहेश्वरी राईस इण्डस्ट्रीज कुरूद, दिशा किराना एवं जनरल स्टोर्स भखारा, रामस्वरूप किराना स्टोर्स हंचलपुर, रोशनी प्रोविजन स्टोर्स लोहरसी, स्वाद रेंस्टोरेंट रूद्री, गणेश मोमोस, जय जलाराम दाबेली, रोहित एगरोल, बाम्बे भेज रूद्री का निरीक्षण किया। इस दौरान नमक, बिस्कुट, पनीर, मैदा, चायपत्ती, पका दाल, पनीर की सब्जी, बेसन, साबूदाना व फोर्टिफाइड चावल का विधिक नमूना लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है।

### जिले में पर्याप्त उर्वरकों का भंडारण वितरण कार्य प्रगति पर

रायपुर, 4 जुलाई । जिले में मानसून सक्रिय होने के पश्चात् से खरीफ कृषि कार्य में तेजी आई है तथा बुआई हेतु मौसम अनुकुल होने से कृषक भाई खरीफ फसल बुआई कार्य कर रहे हैं। कृषकों की मांग अनुसार उर्वरकों का प्राथमिक सहकारी समितियों एवं निजी प्रतिष्ठानों में भण्डारण एवं वितरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा कृषकों की मांग अनुसार सहकारी समितियों में खाद व बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है को डी.ए.पी. की जगह अन्य वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग करने हेतु व्यापक समझाईश एवं प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। लगातार डी.ए.पी. का उपयोग करने पर मृदा की अम्लीयता में वृद्धि होने से लम्बी अवधि में फसल उत्पादन पर विपरीत प्रभाव भी पड़ता है। इसके विपरीत डी.ए.पी.के के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट के उपयोग से फास्फोरस के साथ सूक्ष्म तत्व सल्फर, कैल्सियम जिंक जैसे पोषक तत्व होते है,।

### संविदा पद के लिए दस्तावेज के जांच उपरांत दावा-आपत्ति आमंत्रित

बीजापुर,4 जुलाई। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के संविदा पद के लिए विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों का जाँच कर पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की प्रकाशन सूची के लिए सूचना पटल एवं पर देखा जा सकता है। पात्र/अपात्र की सूची पर यदि अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो दावा/आपत्ति 15 जुलाई 2025 को अपरान्ह 5:00 बजे तक रजिस्टर्ड डाक अथवा व्यक्तिगत रुप से कार्यालय में उपस्थित होकर अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जाएगा।

## म्यूल खातों का उपयोग करने वाला गोविंदा चौहान गिरफ्तार, कार जब्त



दुर्ग,4 जुलाई। 'रोजनामचा' और 'खबर छत्तीसगढ़' जैसे वेब पोर्टल के आड़ में संचालित ऑनलाइन गेमिंग एप के जरिए होने वाली अवैध कमाई के लिए म्यूल खातों का उपयोग किया गया था. सुपेला पुलिस ने म्यूल खातों का उपयोग करने वाले फरार आरोपी गोविंदा चौहान को गिरफ्तार किया है, साथ ही अवैध कमाई के जरिए खरीदी गई कार को जब्त करने के साथ चल-अचल संपत्ति को कुर्क करने की तैयारी है.पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी धीरज महतो ने गोविंदा चौहान एवं रविकांत मिश्रा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसे और मुकेश ताण्डी को लालच देकर उनका बैंक में खाता खुलवाकर अपना मोबाइल नंबर लिंक करवा दिया था. इन खातों का उपयोग आरोपियों द्वारा अवैध ऑनलाइन सट्टा से प्राप्त पैसों के लेन-देने के लिए किया जाता था. आरोपी अपने काले कारोबार को छिपाने के लिए 'रोजनामचा' एवं खबर छत्तीसगढ़ के नाम से वेब पोर्टल चलाते थे.मामले में सुपेला पुलिस ने अपराध क्रमांक- 1026/24 धारा 318(4),319(2),61(2),111 बीएनएस दर्ज कर पहले ही आरोपी रविकांत मिश्रा को गिरफ्तार कर चुकी है. गत दिवस फरार आरोपी गोविंदा चौहान को गिरफ्तार करने में कामबायी हासिल की. आरोपी के द्वारा अवैध आय से अर्जित रकम से क्रय किया गया हुंडई वेरना कार छ्त्र 07 छ्क्त 7205 कीमती 1800000 रुपये को जब्त किया गया है. साथ ही अवैध स्त्रोतों से अर्जित रकम से क्रय चल-अचल संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई भी की जा रही है.

### कृषि विभाग के उपसंचालक ने किसानों को दी सलाह

बीजापुर 4 जुलाई। किसान डीएपी के स्थान पर बेहतर विकल्प के रूप में इफको एनपीके 12:32:16, 20:20:0:13 एवं सिंगल सुपर फास्फेट का प्रयोग कर सकते हैं। उप संचालक कृषि विभाग श्री पीएस कुसरे ने बताया कि इस वर्ष डीएपी की सीमित उपलब्धता को देखते हुए किसानों को विकल्प स्वरूप 20:20:0:13 और सिंगल सुपर फास्फेट जैसे उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी जा रही है ।जिले के समस्त सहकारी समितियों में उर्वरक का भंडारण हो चुका है तथा वितरण भी जारी है विदित हो कि जिले में लक्ष्य 3550 मेट्रिक टन के विरुद्ध 2602 मेट्रिक टन भंडारण हो चुका है तथा वितरण 960 मेट्रिक टन हो चुका है ।

## शिक्षा की अलखः अब खुलने लगे बंद पड़े स्कूल



बीजापुर 4 जुलाई । जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने नौनिहालों का स्वागत कर उन्हें बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने दक्ष बीजापुर के मेघावी छात्र छात्राओं को पांच-पांच हजार का चेक वितरण कर उन्हें सम्मानित किया ।दक्ष बीजापुर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थाओं के प्रमुख, उत्कृष्ट विद्यालय, पांचवीं, आठवीं, दसवीं, बारहवीं बोर्ड के टॉपर बच्चों के सम्मानित किया गया। ÷वेंडे स्कूल दायकाल÷ अंतर्गत अप्रवेशी और शाला त्यागी बच्चों को वेलकम किट वितरण कर उत्साह वर्धन किया।इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने जिले में 16 स्थानों पर बंद स्कूलों का पुनः संचालन एवं नए स्कूल का शुभारंभ किया। जिसमें एड़समेटा, तोड़का, सावनार, कोरचोली, नेंड्रा, इतावर, करका, भट्टीगुड़ा जैसे अतिसंवेदनशील इलाकों में 14 बंद स्कूल सहित कुल 16 स्कूल का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर नवोदय विद्यालय के छात्रों सहित समस्त स्कूली बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप पढ़ाई में, खेल में, संस्कारों में आगे बढ़ें। ईश्वर आपको बुद्धिमान बनाए, ताकि आप देश और समाज की सेवा कर सकें।उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि बीजापुर में हो रहा यह व्यापक शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम दर्शाता है कि यहां परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन आसान नहीं है, इसके लिए संघर्ष करना होता है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों और पालकों को सही दिशा दिखाएं, स्थानीय समाज को भ्रमों से बाहर निकालें और शिक्षा की रोशनी दूर-दराज के इलाकों तक पहुंचाएं। उन्होंने शिक्षा को शांति स्थापना का मूल आधार बताते हुए कहा कि अगर समाज किसी की बात सबसे पहले सुनता है, तो वो शिक्षकों की होती है। समाज को दिशा देने वाले सबसे प्रभावी व्यक्ति शिक्षक ही होते हैं। अपने उद्बोधन में उपमुख्यमंत्री ने बीजापुर के विकास की संभावनाओं पर भी जोर देते हुए कहा कि बीजापुर के पास अद्भुत क्षमता है, बस उसे उभारने की जरूरत है।

## जिले के तुमनार अस्पताल को मिला एनक्यूएएस प्रमाण पत्र



बीजापुर,4 जुलाई । बीजापुर जिले के तुमनार ब्लाक में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर तुमनार ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक ( एनक्यूएएस) प्रमाणन में शानदार प्रदर्शन करते हुए 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। बीजापुर के सुदूर क्षेत्र तुमनार में ये उपलब्धि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो आयुष्मान भारत योजना के तहत व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के मिशन को मजबूत करती है।एनक्यूएस मूल्यांकन में राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य केंद्र की सेवाओं, बुनियादी ढांचे, रिकॉर्ड प्रबंधन, स्वच्छता और रोगी देखभाल की गुणवत्ता का गहन निरीक्षण किया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर तुमनार ने निवारक, प्रोत्साहनात्मक, उपचारात्मक, पुनर्वास और उपचारात्मक देखभाल जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर तुमनार को क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक मॉडल के रूप में स्थापित किया है।स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर तुमनार को एनक्यूएस प्रमाण पत्र मिलना बीजापुर जिले के लिए गौरव का क्षण है। यह उपलब्धि हमारे स्वास्थ्य कर्मियों के समर्पण और सहयोग के प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों और यह उपलब्धि उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर तुमनार ने गैरसंचारी रोगों, मानसिक स्वास्थ्य, नेत्र रोग, वृद्धावस्था देखभाल और आपातकालीन सेवाओं जैसे क्षेत्रों में अपनी सेवाओं का विस्तार किया है जो पहले केवल जिला स्तर पर उपलब्ध थीं। यह केंद्र आयुष्मान भारत योजना के तहत व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में अग्रणी रहा है।

## आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की योजनाओं का मिले लाभ :उपमुख्यमंत्री

बीजापुर,4 जुलाई । बीजापुर जिले के सबसे सुदूर क्षेत्र के आत्मसमर्पित नक्सलियों को कौशल विकास के तहत मशीन, ट्रेक्टर एवं जेसीबी ऑपरेटर और अन्य प्रशिक्षण प्रदाय कराया जा रहा है। विगत तीन माह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आत्मसमर्पित नक्सलियों ने उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा का स्वागत भारत माता की जय घोष करते हुए किया।

इस अवसर पर आत्मसमर्पित नक्सलियों ने उपमुख्यमंत्री से सीधा संवाद करते हुए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की। आत्मसमर्पित नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ सरकार के पुनर्वास नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि पहले के नक्सल संगठन का जीवन एक भटका हुआ और गुमराह से भरा जीवन था। उस खोखली विचारधारा को त्याग कर समाज के मुख्यधारा से जुड़कर बहुत ही बेहतर जीवन मिला लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की जानकारी के अभाव में हम रास्ता भटक गए थे किन्तु शासन के पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण कर एक बेहतर जीवन जी रहे हैं। आज शासन-प्रशासन द्वारा हमें कौशल विकास के तहत प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिससे हम आत्मनिर्भर बनकर समाज के मुख्यधारा में शामिल हो सके।उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने उनके अनुभवों को गंभीरतापूर्वक सुना और आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता सहित सभी प्रकार आवश्यक दस्तावेज पुनर्वास केन्द्र में ही बनवाकर केन्द्र और राज्य शासन के समस्त योजनाओं का समुचित लाभ दिलाने। के निर्देश कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत को दिए।

## तेज वर्षा से मुख्य मार्गों में गिरे पेड़, नदी-नाले उफान पर

सक्ती, 4 जुलाई। जिले में हो रही लगातार बारिश से जन जीवन बदहाल हो गया है। जिले में कही पुल के ऊपर से बह रहा पानी तो कहीं मुख्य मार्ग में पेड़ गिरने से सड़क जाम हो गया है। जिससे गाड़ियों की लंबी कतारें लगी हुई है , मालखरौदा से आगे सपनाई नाले के ऊपर से लगभग 3 फिट ऊपर पानी बहने के कारण मालखरौदा से सक्ती मार्ग बाधित है तो वहीं सड़क के मुख्य मार्ग में पेंड़ गिरा हुआ है जिससे छपोरा डभरा मार्ग अवरुद्ध है। हालांकि पेंड़ को काटकर रास्ते से हटाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे आवागमन शुरू हो सके।

जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। बारिश के कारण मालखरौदा, छपोरा, डभरा और चंद्रपुर को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर एक बड़ा पेड़ गिर गया, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई हैं। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों तक बारिश जारी रहने की चेतावनी दी है, जिससे हालात और गंभीर हो सकते हैं। तो वही दूसरी ओर मालखरौदा सक्ती मार्ग में स्थित सपनाई नाला भी उफान पर है, यहां पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। लेकिन हैरानी की बात है प्रशासन द्वारा किसी तरह की कोई बैरिकेडिंग नही की है जिसके चलते लोग अपनी जान को जोखिम में डालकर सड़क पार कर रहे है। सपनाई नाला की बात करे तो यहां हर साल बारिश के दिनों में ऐसी तस्वीरें सामने आती है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी वहां पर ना तो चेतावनी बोर्ड लगाते है और ना ही सुरक्षा के कोई इतंजाम तक नही करते।

## 13 किलो पैंगोलिन स्केल्स के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

जगदलपुर,4 जुलाई। छत्तीसगढ़ में वन्य जीव अपराधों के खिलाफ वन विभाग की टीम हमेशा सतर्क रहती है। वन विभाग की संयुक्त टीम ने तस्करों के पास से पैंगोलिन की छाल बरामद किया है। वन विभाग ने आरोपी तस्करों को गिरफ्तार भी कर लिया है।जानकारी के अनुसार, बस्तर वनमंडल के परपा क्षेत्र स्थित एक घर में पैंगोलिन की छाल होने की सूचना वन विभाग को मिली थी। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टीम ने छापेमारी कर दुर्लभ और संरक्षित प्रजाति के वन्य जीव पैंगोलिन की 13 किलो स्केल्स (छाल) के साथ दो तस्करों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पकड़े गए दोनों को आरोपी बीजापुर जिले के निवासी हैं। प्रारंभिक पूछताछ में उन्होंने बताया कि स्केल्स को पामेड़ अभ्यारण्य और इंद्रावती टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाले गांव पुजारी कांकेर और सेंड्रा से इकट्ठा किया गया था। जिसे जगदलपुर में बेचने के लिए ग्राहक की तलाश की जा रही थी।

### ग्राम लीलर एवं मुकुंदपुर में संतृप्तिकरण शिविर आयोजित

धमतरी, 4 जुलाई । भारत सरकार की महती योजना धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शासन की योजनाओं एवं अधिकारों की जानकारी देने के उद्देश्य से जिले में संतृप्तिकरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज धमतरी विकासखण्ड के ग्राम लीलर और नगरी विकासखण्ड के ग्राम मुकुंदपुर संतृप्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविरों में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा ग्रामीणों को उनकी योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी सरल भाषा में दी गई। ग्रामीणों को कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास, रोजगार, पंचायत एवं जल संसाधन विभाग आदि की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया।

### हाई स्कूल पासिद में व्याख्याताओं की नियुक्ति के बाद गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रारंभ

महासमुंद, 4 जुलाई । जिले में युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में सार्थक कदम उठाए गए हैं। इस पहल के अंतर्गत विशेष रूप से उन शालाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया जो या तो शिक्षक विहीन थीं या एकल शिक्षकीय व्यवस्था पर निर्भर थीं। युक्तियुक्तकरण के प्रभावी क्रियान्वयन से अब इन शालाओं में नियमित शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी तथा विद्यालयों की शैक्षिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार होगा।

## मुख्यमंत्री ग्राम सड़क इकाई को सारंगढ़ स्थानांतरित करना जिले के साथ सौतेला व्यवहार:चंद्राकर

महासमुंद। पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने शासन द्वारा जिला मुख्यालय स्थित मुख्यमंत्री ग्राम सड़क इकाई के दफ्तर को सारंगढ़ जिला स्थानांतरित किए जाने की कार्रवाई को महासमुंद जिले के साथ शासन का उपेक्षा पूर्ण सौतेला व्यवहार निरूपित किया है।

चंद्राकर ने कहा कि एक तरफ जिले भर के ग्रामीण सड़कों की स्थिति बदतर स्थिति में होने की खबरे आए दिन सामने आ रहे हैं। वहीं, जिले में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क इकाई के लिए काम नहीं होने की बात कहकर यहां से इस कार्यालय को सारंगढ़ भेजा जा रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि उनके कार्यकाल में जिले के ग्रामीण सड़कों के निर्माण, जीर्णोद्धार कार्यों को गति प्रदान करने यह दफ्तर खुलवाया गया था। लेकिन, भाजपा के जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा व शासन के सौतेला व्यवहार से इस महत्वपूर्ण दफ्तर को यहां से हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वर्षा के मौसम ने कई सड़कों की हालत बिगाड़ दी है। कई ग्रामीण सड़कों में चलना मुश्किल हो गया है। भोरिंग से अछोला मार्ग की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। यही नहीं जिले के ग्रामीण क्षेत्र के सड़कों की हालत भी अत्यंत खराब है। इन सड़कों का नवनिर्माण अत्यंत आवश्यक हो गया है। जिसे मुख्यमंत्री ग्राम सड़क इकाई के अधीन कार्य होना था। लेकिन, सरकार द्वारा यहां काम नहीं है कहकर इस दफ्तर को स्थानांतरित किया जाना जिले के लोगों के साथ दोहरे व्यवहार को प्रदर्शित कर रहा है।पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क इकाई का मुख्य कार्य मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण और उन्नयन करना है। इस योजना का उद्देश्य सभी गांवों को बारहमासी सड़कों से जोड़ना है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी और विकास को बढ़ावा मिले। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क इकाई, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना (एमएमजीएसवाई) के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार है। इस योजना के तहत, ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण, उन्नयन और रखरखाव किया जाता है, ताकि ग्रामीण इलाकों को मुख्य सड़कों से जोड़ा जा सके। एमएमजीएसवाई के तहत, ग्रामीण क्षेत्रों में नई सड़कों का निर्माण किया जाता है,। खासकर उन गांवों में जो अभी तक पक्की सड़कों से नहीं जुड़े हैं। मौजूदा ग्रामीण सड़कों को बेहतर बनाने, उन्हें पक्का करने और उनकी गुणवत्ता में सुधार करने का काम भी इस इकाई द्वारा किया जाता है। सड़कों के साथ-साथ, ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक पुलों का निर्माण, सड़कों के निर्माण और उन्नयन के बाद, उनकी नियमित मरम्मत और रखरखाव का काम भी इस इकाई की जिम्मेदारी होती है। ऐसे में इस महत्वपूर्ण इकाई को यहां से हटाए जाना भाजपा सरकार के जिलेवासियों के साथ सौतेला व्यवहार को प्रदर्शित कर रहा है।

## फुंडरी में विजय शर्मा ने सीआरपीएफ जवानों से की मुलाकात, बढ़ाया हौसला

बीजापुर,4 जुलाई । उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा ने बीजापुर जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र भैरमगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत फुंडरी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों से भेंट कर उनका हौसला अफजाई किया। उन्होंने जवानों की कर्तव्यनिष्ठा, साहस और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि आपकी मेहनत, लगन और भुजाओं की ताकत के कारण नक्सलवाद अब समापन की ओर है। अब सिर्फ कुछ और प्रयास बाकी हैं, जिसे पूरी निष्ठा के साथ पूरा करना है, ताकि केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी का यह संकल्प मार्च 2026 तक नक्सलवाद का समूल अंत साकार हो सके।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन जवानों ने न सिर्फ सुरक्षा का काम किया है, बल्कि इस अतिसंवेदनशील क्षेत्र में संविधान को लागू करने और शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का ऐतिहासिक कार्य भी किया है। पहले जहां अंदरूनी गांवों के लोग सरकार की योजनाओं से वंचित रहते थे, अब जवानों की सतत उपस्थिति और सघन गश्त के चलते हालात तेजी से बदले हैं। उन्होंने कहा कि अब शासन की योजनाओं का लाभ धीरे-धीरे इन गांवों तक पहुंच रहा है। इसका श्रेय आपको जाता है। आप सिर्फ हथियार लेकर सुरक्षा नहीं कर रहे हैं, बल्कि एक नए युग की नींव रख रहे हैं जिसमें भय नहीं, विश्वास और विकास होगा। इस दौरान सचिव पंचायत विभाग श्री भीम सिंह, आईजी बस्तर श्री सुंदरराज पी, डीआईजी श्री कमलोचन कश्यप, कलेक्टर श्री संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव, हेमंत रमेश नंदनवार सहित सीआरपीएफ एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## सहकारी समिति झालखम्हारिया में पर्याप्त खाद उपलब्ध

महासमुंद 4 जुलाई । कृषि कार्यों के लिए आवश्यक खाद-बीज की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु महासमुंद जिले की सहकारी समिति झालखम्हारिया में खाद का पर्याप्त भंडारण किया गया है। जिले में कृषकों की मांग को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार की खाद उपलब्ध कराई गई है, जिससे किसानों को सहज रूप से खाद प्राप्त हो रही है। सोसायटी प्रबंधक श्री भोजराम साहू ने बताया कि उपलब्ध खाद में यूरिया 222.57 टन, सुपर फॉस्फेट 30 टन, पोटाश 31.95 टन, डी.ए.पी. 161.60 टन, एन.पी.के. 12.50 टन शामिल है। वर्तमान में 64.10 टन खाद विक्रय हेतु शेष है। किसानों की मांग के अनुरूप खाद का सतत वितरण जारी है।

इस सोसायटी में खाद लेने आए लघु कृषक श्री संदीप विश्वकर्मा ने बताया कि शासन द्वारा खाद की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे उन्हें तत्काल खाद प्राप्त हो सका। उन्होंने आज 6 बोरी डी.ए.पी., 10 बोरी नीम लेपित यूरिया, और 2 बोरी पोटाश प्राप्त किया। संदीप विश्वकर्मा ने कहा कि खाद वितरण की इस सरल और पारदर्शी व्यवस्था से किसानों को काफी राहत मिली है। इसके लिए उन्होंने शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। समय पर खाद मिलने से फसल अच्छी होगी। जिससे आमदनी भी बढ़ेगी।कृषि विभाग द्वारा जिले में किसानों की जरूरतों को प्राथमिकता दी जा रही है। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार किसानों को खाद-बीज समय पर और आसानी से उपलब्ध कराने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। सहकारी समितियों में पर्याप्त भंडारण और त्वरित वितरण व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## आंगनबाड़ी बच्चों के शिक्षा का है मूल आधार:अजय चंद्राकर

अंवरी। ग्राम पंचायत सिर्वे के अंतर्गत नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र एवं यादव समाज सामुदायिक भवन एवं ग्राम पंचायत सिर्वे के आश्रित ग्राम सिंगदेही में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण मुख्य अतिथि मान.अजय चंद्राकर विधायक कुरुद के कर कमलों द्वारा किया गया7 इस कार्यक्रम अध्यक्षता श्रीमति राधा वीरेंद्र साहू सरपंच ग्राम पंचायत सिर्वे, विशिष्ट अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी,श्रीमति कुलेश्वरी सुनील गायकवाड़ सदस्य जिला पंचायत धमतरी,श्रीमति पूजा सिन्हा सदस्य जिला पंचायत धमतरी, श्रीमति गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद, समस्त पंच गण सहीत समस्त ग्रामीणजन उपस्थित रहें 7 श्री अजय चंद्राकर ने कहा की आँगनबाड़ी बच्चों की शिक्षा का मूल आधार होता है एवं शिक्षा के क्षेत्र में कुरुद क्षेत्र महाविद्यालय आईटीआई व विभिन्न प्रकार के शिक्षण संस्थान के माध्यम से युवा को स्किल डेवलपमेंट करके, युवाओं को रोजगार हेतु प्रेरित किया एवं सरकार द्वारा मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ समाजसेवी एवं विकास पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में दिलीप,कुलेश्वर ध्रुव, पवन कुमार साहू, सोनजीत साहू, नेतराम साहू, फग्गू राम चक्रधारी, कन्हैयालाल देवांगन कुमार, चंद्रिका साहू, उत्तम साहू, चुरामन साहू, हरिराम, राजेश उपस्थित रहें ।

## विधानसभा का षष्ठम सत्र 14 जुलाई से

बीजापुर,4 जुलाई । छत्तीसगढ़ के षष्ठम् विधान सभा का षष्ठम सत्र 14 जुलाई 2025 से 18 जुलाई 2025 तक आहूत किया गया है। उक्त अवधि में निर्धारित प्रश्नोत्तर काल के लिए प्राप्त विधानसभा प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समय-सीमा में शासन को भेजने संबंधी कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का है। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने जिले के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे सक्षम अधिकारी के पूर्व स्वीकृति प्राप्त किये बिना अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे तथा मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। इसके अतिरिक्त आकस्मिक की स्थिति में आहूत किये जाने पर कार्यालयीन अवधि के पश्चात् एवं अवकाश के दिनों में कार्यालय में उपस्थित होंगे।

एक नजर

## नोवाक जोकोविच ने विंबलडन के तीसरे राउंड में पहुंचने के साथ ही बनाया बड़ा रिकॉर्ड



नोवाक जोकोविच ने विंबलडन 2025 में अपने शानदार अभियान को जारी रखते हुए डैन इवांस को सीधे सेटों में 6-3, 6-2, 6-0 से मात देकर मेन्स सिंगल्स के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इस जीत के साथ जोकोविच ने टूर्नामेंट में अपना 99वां मुकाबला अपने नाम किया और 19वीं बार तीसरे दौर में पहुंचने वाले ओपन एरा के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड दिग्गज रोजर फेडरर के नाम था, जिन्होंने 18 बार विंबलडन के तीसरे दौर तक का सफर तय किया था।

38 साल के जोकोविच अब तक सात विंबलडन खिताब और कुल 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुके हैं। इस मौके पर उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि 19 बार तीसरे दौर में पहुंचना बेहतरीन है। यह संख्या शायद यानिक सिनर और कार्लोस अल्कारेज की उम्र जितनी है। गौरतलब है कि पिछले दो विंबलडन फाइनल में जोकोविच को हराने वाले अल्कारेज की उम्र 22 साल है, जबकि दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी सिनर 23 साल के हैं।

महिला सिंगल्स कैटेगिरी में भी रोमांचक मुकाबले खेले गए। सातवीं वरीयता प्राप्त मीरा आंद्रीवा ने इटली की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-1, 7-6 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

# टीम इंडिया नहीं करेगी बांग्लादेश का दौरा!

## अचानक खतरे में पड़ी 17 अगस्त से होने वाली सीरीज




टीम इंडिया इस वक्त तो इंग्लैंड के दौरे पर है, जहां पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। पहला मुकाबला भारतीय टीम हार चुकी है और दूसरा मैच जारी है। सीरीज लंबी है, जो अगले महीने यानी अगस्त के पहले सप्ताह तक चलेगी। इसके बाद अगस्त में ही भारतीय टीम बांग्लादेश के दौरे पर जाने वाली थी, लेकिन अब ये दौरा खटाई में पड़ गया है। हालांकि अभी आधिकारिक ऐलान तो नहीं किया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि ये सीरीज अब नहीं होगी। भारतीय टीम का बांग्लादेश दौरा प्रस्तावित है, इसमें तीन वनडे और तीन टी20 इंटरनेशनल मैच खेले जाने थे। सीरीज का पहला मुकाबला 17 अगस्त से होना था। लेकिन अब नहीं लगता कि ये सीरीज हो पाएगी। जैसा कि हमने आपको पहले ही बताया कि अभी तक सीरीज को लेकर कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन क्रिकबज के हवाले से पता चला है कि बांग्लादेश ने इस सीरीज की तैयारियों को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। वैसे तो अक्सर भारत और बांग्लादेश के बीच क्रिकेट ही नहीं, बाकी खेलों में भी मुकाबले होते रहे हैं। दोनों देशों की टीमें एक दूसरे के यहां जाकर खेलती रही हैं, लेकिन पिछले कुछ वक्त में रिश्ते तल्ख हुए हैं। इसका असर अब क्रिकेट पर भी पड़ता हुआ नजर आ रहा है।

दरअसल भारत और बांग्लादेश के बीच सीरीज अब नहीं खेली जाएगी, इस बात को हवा तब मिली, जब बांग्लादेश ने मीडिया अधिकारों की बिक्री पर रोक लगा दी। जो जुलाई के पहले सप्ताह में ही होनी थी। इस बीच खबर ये भी है कि भारत और बांग्लादेश की ये सीरीज फिलहाल टली है कैंसिल नहीं हुई है। यानी अभी भले सीरीज पर संकट हो, लेकिन आने वाले वक्त में ये सीरीज जरूर खेली जाएगी। इसका फैसला दोनों बोर्ड के अधिकारी आपस में बात करके लेंगे।

भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाली सीरीज इसलिए अहम थी, क्योंकि इसमें वनडे मैच भी खेले जाने थे। यानी विराट कोहली और रोहित शर्मा भी इस सीरीज का हिस्सा होने वाले थे। दोनों ही खिलाड़ी टेस्ट और टी20 इंटरनेशनल से रिटायरमेंट के बाद अब केवल वनडे ही खेलते हैं, लेकिन अगर सीरीज नहीं होगी तो फिर आपको कोहली और रोहित की बल्लेबाजी फिर से देखने के लिए इंतजार करना होगा। टी20 सीरीज इसलिए अहम थी, क्योंकि अगले साल टी20 वर्ल्ड कप था, जिसकी तैयारी ये दोनों टीमें कर लेती, लेकिन फिलहाल तो पूरी सीरीज पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

# जडेजा ने उड़ा दी बीसीसीआई के नियम की धज्जियां

## बोर्ड ने लगाया था बैन; अब क्या मिलेगी सजा?



एजबेस्टन के स्टेडियम में खेले जा रहे भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में टीम इंडिया के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने दिन का खेल शुरू होने से पहले ही एक बड़ी गलती कर दी। जडेजा के बल्ले से इस टेस्ट मैच में 89 रनों की पारी देखने को मिली तो वहीं उन्होंने बीसीसीआई का एक नियम भी तोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद बीसीसीआई ने सभी प्लेयर्स और सपोर्ट स्टाफ के लिए कुछ नए दिशानिर्देश को जारी किया था, जिसका पालन सख्ती से करने को बोला गया था। हालांकि एजबेस्टन टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले जडेजा ने एक बड़े नियम को तोड़ दिया, जिसपर अब उन्हें बोर्ड से सजा मिलेगी या नहीं इसपर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। टीम इंडिया जब साल 2025 की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया का दौरा खत्म करने के बाद देश वापस लौटी थी तो उसके बाद बीसीसीआई ने कुछ नए नियम विदेशी दौरों को लेकर बनाए थे। इसमें एक नियम ये था कि कोई भी खिलाड़ी स्टेडियम अकेले ना जाएगा और ना ही आएगा। सभी प्लेयर्स टीम बस में एक साथ ही जाएंगे। वहीं एजबेस्टन टेस्ट मैच के दूसरे दिन के खेल में रवींद्र जडेजा टीम बस को छोड़कर पहले ही स्टेडियम के लिए रवाना हो गए थे। हालांकि जडेजा ने टीम के हित को ध्यान में रखते हुए इस नियम को तोड़ा। दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद टीम इंडिया की तरफ से प्रेस कॉन्फ्रेंस में रवींद्र आए थे, जिसमें उन्होंने कहा कि गेंद नई होने की वजह से मुझे लगा कि अतिरिक्त बल्लेबाजी करनी चाहिए क्योंकि यदि मैं नई गेंद को बेहतर तरीके से खेल लेता हूं तो मेरे लिए काम थोड़ा आसान हो जाएगा। मैं ऐसा करने में कामयाब रहा और लंच तक बल्लेबाजी कर सका। जब आप टीम के लिए बल्ले से योगदान देते हैं, तो बहुत अच्छा लगता है। जब मैं बल्लेबाजी करने उतरा तो टीम 5 विकेट गंवा चुकी थी और ऐसे में मैं अच्छी बल्लेबाजी करने में कामयाब रहा जिसकी मुझे खुशी है।

# कप्तान गिल ने खोला अपनी ऐतिहासिक पारी का राज



टीम इंडिया के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के बल्ले से इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में खेले जा रहे मुकाबले में 269 रनों की ऐतिहासिक पारी देखने को मिली। गिल ने अपनी इस पारी के दौरान कुल 387 गेंदों का सामना किया जिसमें वह 30 चौके और तीन छक्के भी लगाने में कामयाब रहे। शुभमन गिल ने अपनी इस पारी के दम पर जहां वर्ल्ड क्रिकेट में कई कीर्तिमान ध्वस्त कर दिए तो वहीं दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद कप्तान गिल ने अपनी इस रिकॉर्ड पारी का राज भी खोला।

भारतीय टीम के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने एजबेस्टन टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद सोनी स्पोर्ट्स पर दिए अपने बयान में बताया कि उन्होंने आईपीएल 2025 सीजन के आखिर चरण के दौरान ही इंग्लैंड दौरे के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी थी। गिल ने कहा कि मैंने कुछ चीजों पर काम किया जिसका परिणाम भी मुझे अब तक अच्छा देखने को मिला है। आईपीएल 2025 में आखिरी के कुछ हफ्तों से ही मैंने इस टेस्ट सीरीज के लिए तैयारी शुरू कर दी थी, जिसके अब तक तीन पारियों के बाद ऐसा लग रहा है कि मेहनत काम आ रही है।

वहीं गिल ने स्लिप में बेन डकेट का बेहतरीन कैच पकड़ने पर भी बयान दिया और कहा मैंने पिछले कुछ दिनों से स्लिप में फील्डिंग की प्रैक्टिस करने की जगह पर बल्लेबाजी पर अधिक ध्यान दे रहा था, लेकिन डकेट का कैच पकड़कर काफी अच्छा लगा। टीम मीटिंग में हमारी चर्चा भी हुई है कि फील्डिंग काफी अहम है क्योंकि पिछले मैच में हमने कई मौके गंवा दिए अगर ऐसा नहीं होता तो परिणाम बदल भी सकता था।

मैंने पहले से सोच लिया था कि अपना विकेट आसानी से नहीं दूंगा।

# श्रीलंका के हेड कोच फिल सिमंस ने छोड़ा टीम का साथ

## बांग्लादेश क्रिकेट टीम इस समय श्रीलंका दौरे पर है



बांग्लादेश क्रिकेट टीम इस समय श्रीलंका दौरे पर है। 2 मैचों की टेस्ट सीरीज हारने के बाद बांग्लादेश की टीम अब मेजबान श्रीलंका के साथ 3 मैचों की ODI सीरीज खेल रही है। हालांकि, पहले मैच में बांग्लादेश को हार का सामना करना पड़ा है। अब सीरीज का दूसरा मुकाबला कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच से पहले बांग्लादेश की टीम को तगड़ा झटका लगा है।

दरअसल, बांग्लादेश के हेड कोच फिल सिमंस ने श्रीलंका दौरा बीच में छोड़ने का फैसला किया है। फिल सिमंस डॉक्टरों से मिलने के लिए लंदन रवाना हो गए हैं। ऐसी अटकलें थीं कि हेड कोच को बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम द्वारा कोचों के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए बुलाया जा रहा है, लेकिन सिमंस के मामले में ऐसा नहीं है, जिनकी च में डॉक्टरों के साथ निर्धारित मुलाकात थी। पूर्व वेस्टइंडीज ओपनर सिमंस के 7 जुलाई को श्रीलंका लौटने की उम्मीद है, ताकि तीसरे वनडे में उपलब्ध रह सके।

श्रीलंका दौरे पर अब तक बांग्लादेश को जीत नसीब नहीं हुई है। पहला टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त होने के बाद टीम को दूसरे टेस्ट में हार का मुंह देखना पड़ा और अब ह्नछ्ढ सीरीज का आगाज हार से हुआ है। दूसरा वनडे मैच में दोनों टीमें 5 जुलाई को आमने-सामने होंगी। यहां श्रीलंका की कोशिश ODI सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने की होगी। वहीं, बांग्लादेश दौरे पर पहली जीत दर्ज करना चाहेगी। ह्नछ्ढ सीरीज के बाद बांग्लादेश तीन T20I मैचों की सीरीज खेलेगा।

बांग्लादेश की टीम 16 जुलाई तक श्रीलंका में रहेगी। इसके बाद 20 जुलाई से पाकिस्तान क्रिकेट टीम की मेजबानी करेगी। बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच 20 जुलाई से 24 जुलाई के बीच 3 मैचों की T20I सीरीज खेलेगी। पाकिस्तान के बाद बांग्लादेश टीम को अपने घर में भारत के खिलाफ ODI और T20I सीरीज खेलनी है। हालांकि, इस सीरीज पर फिलहाल संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

# व्यापार

## रिलायंस के शेयर में जोरदार उछाल



मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर आज यानी शुक्रवार 4 जुलाई 2025 को 1,531.90 के 9-महीने के हाई लेवल पर पहुंच गया, जो अप्रैल 2025 के निचले स्तर 1,114 से 37.5 प्र. अधिक है। शेयर अब अपने ऑल-टाइम हाई (जून 2024 में 1,608) से महज 4.7 प्र. दूर है। कंपनी ने 2025 की पहली छमाही में 23.5त्न की बढ़त दर्ज की, जो 2017 के बाद से उसका सर्वश्रेष्ठ अर्धवार्षिक प्रदर्शन है। इस रैली ने RIL की मार्केट कैप को फिर से ?20 लाख करोड़ के पार पहुंचा दी है।

रिटेल बिजनेस में सुधार के संकेत मिले हैं। कंपनी ने FY25 में 2,100 कमजोर प्रदर्शन कर रहे स्टोर्स बंद करके अपने रिटेल नेटवर्क का ऑप्टिमाइजेशन पूरा किया है, जिससे अब गुणवत्तापूर्ण विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। जियो के टैरिफ बढ़ने से टेलीकॉम सेगमेंट में राजस्व वृद्धि की उम्मीद बढ़ी है। सिटी रिसर्च ने टार्गेट 1,690 का रखा है। उसका मानना है कि जियो की विकास क्षमता टैरिफ बढ़ोतरी से कहीं आगे है। शेयर वर्तमान में ओवरबॉट जोन में है, जहां 1,550-1,570 पर रेजिस्टेंट संभव है।

# डिफेंस शेयरों में बंपर उछाल

## 1.05 लाख करोड़ की खरीद को मंजूरी से मची धूम



मोदी सरकार से 1.05 लाख करोड़ के नए रक्षा उपकरणों की खरीद को मंजूरी मिलने के बाद आज डिफेंस स्टॉक्स में जोरदार तेजी देखने को मिल रही है। पारस डिफेंस, बीईएमएल, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे शेयरों ने निफ्टी डिफेंस इंडेक्स को 1.4 प्र. उछाल दिया। बता दें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में बुधवार को एक लाख करोड़ रुपये की लागत के 10 खरीद प्रस्तावों को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। सभी खरीद घरेलू कंपनियों से की जाएगी। पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीज: 8त्न की उछाल के साथ सबसे आगे। मिश्रा धातु निगम, एस्ट्रा माइक्रोवेव, बीईएमएल, यूनिमेक एयरोस्पेस: 1 से 2 प्र. की बढ़त।

कोचीन शिपयार्ड, भारत डायनामिक्स, गार्डन रीच शिपबिल्डर्स, मझगांव डॉक, BEL: सभी में 1 से 2 प्र. उछाल।

क्यों आई तेजी?

रक्षा मंत्रालय की डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल ने गुरुवार को 10 स्वदेशी खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी। इनमें आर्मर्ड रिकवरी व्हीकल्स, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम, तीनों सेनाओं के लिए इंटीग्रेटेड इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम और सरफेस-टू-एयर मिसाइलें (भारतीय सेना, नौसेना, वायुसेना के लिए) शामिल हैं।

आशिका इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के रिसर्च एनालिस्ट कृष्णा दोशी के अनुसार भारत की रक्षा क्षमताओं को वैश्विक मान्यता मिल रही है। नाटो देशों का बढ़ा रक्षा बजट, यूरोप का पुनर्सशस्त्रीकरण अभियान और निर्यात बढ़ने से भारतीय कंपनियों को फायदा होगा। सेक्टर पर पॉजिटिव आउटलुक बरकरार है।

भारत डायनामिक्स मिसाइल बनाने में माहिर है तो भारत इलेक्ट्रॉनिक्स यानी BEL को रडार सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर बनाने में महारत हासिल है। कोचीन शिपयार्ड पनडुब्बियां, स्वायत्त जहाज बनाती है तो मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स डिस्ट्रॉयर जहाज, खानरोधी पोत। वहीं, गार्डन रीच शिपबिल्डर्स गश्ती जहाज बनाने में माहिर है।


**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र, जगदलपुर**

**:: आम-सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र जगदलपुर द्वारा स्ववित्तिय आधार पर चोकावाड़ा जगदलपुर में सामान्य आवास योजनान्तर्गत निर्माणाधीन भवनो में ई.डब्ल्यु.एस.-72 जो कि श्री जी. मुरली पिता- श्री जी. पोली नायडू एवं श्रीमती जी. देवी पति श्री जी. मुरली को संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र जगदलपुर के पत्र क्र. 4372 दिनांक 17/12/2018 द्वारा आबंटित है।

मुल आबंटी श्री जी. मुरली पिता- श्री जी. पोली नायडू एवं श्रीमती जी. देवी पति श्री जी. मुरली के द्वारा भवन कु. रचंना दीप पिता -श्री चमन दीप को विक्रय दिनांक- 29/11/2024 को किया गया हैं। तत्पश्चात् क्रेता कु. रचंना दीप पिता श्री -चमन दीप के द्वारा नामांतरण के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। आवेदन पत्र के आधार पर उनके नाम से नामांतरित किया जाना प्रस्तावित है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात् प्राप्त मान्य नहीं होगी ।

संपदा अधिकारी
छत्तीगढ़ गृह निर्माण मंडल
प्रक्षेत्र-जगदलपुर

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र, जगदलपुर**

**:: सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र जगदलपुर द्वारा अटल विहार योजंनार्तगत चोकावाड़ा में स्थित निर्मित भवनों में LIG- 68 जो कि श्री राजीव पिल्ले पिता- श्री सरस पिल्ले को मण्डल द्वारा आबंटित है। उक्त भवन को श्री राजीव पिल्ले पिता- श्री सरस पिल्ले के द्वारा श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा पिता- श्री नंदलाल शर्मा को विकय करने हेतु विकय अनुबंध की छायाप्रति जमा किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था को इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल
प्रक्षेत्र-जगदलपुर

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र, जगदलपुर**

**:: सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र जगदलपुर द्वारा दीनदयाल आवास योजंनार्तगत फ्रेजरपुर में स्थित निर्मित भवनों में LIG FLAT-10/116 जो कि श्री समरथ पिता श्री जी.बी. समरथ को मण्डल द्वारा आबंटित है। उक्त भवन को श्री समस्थ पिता श्री जी.बी. समरथ के द्वारा श्रीमती नीतू शर्मा पति-श्री बृजेश शर्मा को विक्रय करने हेतु विकय अनुबंध की छायाप्रति जमा किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था को इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल
प्रक्षेत्र-जगदलपुर

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र, जगदलपुर**

**:: सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र जगदलपुर द्वारा दीनदयाल आवास योजंनार्तगत फेजरपुर में स्थित निर्मित भवनों में LIG FLAT-01/11 S.F जो कि श्री पी. जयंत कुमार पिता स्व. पी. उमाशंकर राव को मण्डल द्वारा आबंटित है। उक्त भवन को श्री पी. जयंत कुमार पिता स्व. पी. उमाशंकर राव के द्वारा श्री इन्द्रजीत साहा पिता- श्री परिमलचन्द साहा को विक्रय करने हेतु विक्रय अनुबंध की छायाप्रति जमा किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था को इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल
प्रक्षेत्र-जगदलपुर


## एक और नामी कंपनी खरीदने जा रहा अदाणी समूह

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह एक और कंपनी को खरीदने जा रहा है। दरअसल, दिवालिया हो चुकी जयप्रकाश एसोसिएट्स को हासिल करने के लिए अदाणी ग्रुप ने 12500 करोड़ रुपये की बोली लगा दी है। बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, इस मामले से परिचित लोगों ने बताया कि अदाणी समूह जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड का अधिग्रहण करने के लिए सबसे आगे निकल गया है, जो वर्तमान में दिवालियापन की कार्यवाही से गुजर रहा है। सूत्रों ने कहा कि अदाणी समूह ने बिना किसी पूर्व शर्त के 8,000 करोड़ रुपये से अधिक की अग्रिम राशि का प्रस्ताव दिया है। खास बात है कि इस कंपनी को खरीदने की रेस में डालमिया समूह भी शामिल है, और अदाणी के ऑफर को पूरा करने के लिए तैयार है।


**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग**

**कोंडागांव वनमंडल के काष्ठागार के e-Auction का संक्षिप्त विवरण**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कोंडागांव वनमंडल के अंतर्गत कोंडागांव काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ/जलाऊ/बांस का e-Auction द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि e-Auction में भाग लेवें। e-Auction की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

| वनमंडल का नाम | काष्ठागार का नाम | नीलाम दिनांक व समय |
|---|---|---|
| कोंडागांव वनमंडल कोण्डागांव | कोंडागांव काष्ठागार | 08--07--2025 प्रातः 9:00 बजे से |

| प्रजाति | नया वनोपज | | | अविक्रित वनोपज | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ई.काष्ठ(घ.मी.) | बल्ली/डेंगरी (नग में) | | ई.काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली/डेंगरी (नग में) | | ई.काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली/डेंगरी (नग में) | |
| 1 | | | | | | | | | |
| सागौन | 0 | 0 | 0 | 22.048 | 323 | 153 | 22.048 | 323 | 153 |
| साल | 1251.681 | 262 | 110 | 7369.094 | 326 | 1299 | 8620.775 | 588 | 1409 |
| बीजा | 12.213 | 0 | 2 | 132.729 | 60 | 53 | 144.942 | 60 | 55 |
| साजा | 19.480 | 13 | 3 | 34.492 | 35 | 12 | 53.972 | 48 | 15 |
| हल्दू | 14.022 | 0 | 1 | 90.338 | 16 | 10 | 104.360 | 16 | 11 |
| निलगिरी | 0 | 0 | 0 | 4.452 | 616 | 1522 | 4.452 | 616 | 1522 |
| अन्य | 35.079 | 5 | 5 | 148.901 | 81 | 99 | 183.980 | 86 | 104 |
| योग :- | **1332.475** | **280** | **121** | **7802.054** | **1457** | **3148** | **9134.529** | **1737** | **3269** |
| जलाऊ :- | Fuel Stack 8 + Nilgiri 8 + Mixed 280 = 296 Fuel Stacks | | | 0 | | | Fuel Stack 8 + Nilgiri 8 + Mixed 280 = 296 Fuel Stacks | | |
| व्या.बांस | 0 | 0 | | **9.980 N.T.** | | | **9.980 N.T.** | | |

शर्ते :-
(1) प्रत्येक क्रेता को e-Auction के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
(2) क्रेता e-Auction के पूर्व क्रय लाटों के अफसेट प्राईज के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य 12
(3) लाटों की थप्पी सूचि एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल से लॉग इन करके देख सकते हैं।
(4) e-Auction में लॉट कय करने के पश्चात प्रथम केता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसकी लॉट के अन्य केताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व कय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
कोण्डागांव वनमण्डल, कोण्डागांव

जी- 252601967/6


## भारत बनेगा केमिकल मैन्यूफैक्चरिंग का पावर हाउस

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने सुझाव दिया है कि अगर भारत को ग्लोबल केमिकल मैन्यूफैक्चरिंग पावरहाउस बनना है तो उसे विश्वस्तरीय केमिकल हब स्थापित करने चाहिए। रासायनिक उद्योगः वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की भागीदारी को सशक्त बनाना संबधी रिपोर्ट में नीति आयोग ने कहा कि भारत 2040 तक एक ट्रिलियन डालर के केमिकल उत्पादन का लक्ष्य लेकर चल रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में भारत की वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) में हिस्सेदारी 3.5 प्रतिशत थी, जिसे 2040 तक 5-6 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। अगर ऐसा होता है तो 35-40 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त निर्यात होगा। साथ ही, साल 2030 तक सात लाख नौकरियां पैदा होंगी।

बंदरगाहों पर केमिकल बिजनेस में बुनियादी ढांचे की खामियों पर सलाह देने और उन्हें दूर करने के लिए एक समिति के गठन की वकालत करते हुए रिपोर्ट में आठ उच्च संभावित बंदरगाहों के विकास को जरूरी बताया गया है।

रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि सरकार को आयात बिल, निर्यात क्षमता, एकल स्त्रोत देश पर निर्भरता, अंतिम बाजार की गंभीरता आदि के आधार पर रसायनों के वृद्धिशील उत्पादन को प्रोत्साहित करना चाहिए।

अगर भारत साल 2047 तक 20 ट्रिलियन डॉलर के अनुमानित लक्ष्य तक पहुंचना चाहता है तो उसके लिए विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि होनी बहुत जरूरी है।

## स्किन केयर का बदल रहा ट्रेंड, लूना हर्बल प्रोडक्ट्स से बना रहा नई पहचान

**रायपुर।** रायपुर की मुनमुन को पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) से जूझते हुए कुछ ऐसा करने की प्रेरणा मिली, जिससे उन्होंने ब्यूटी इंडस्ट्री को नया आयाम दे दिया। मुनमुन को स्टार्टअप का ख्याल ऐसे आया कि एक समय वे पीसीओएस के कारण मुंहासे, रंग उड़ना और ओपन पोर्स जैसी त्वचा संबंधी समस्याओं का सामना कर रहीं थीं। उस समय उन्हें ऐसे प्रोडक्ट्स की तलाश थी जो उनकी सेंसिटिव स्कीन के लिए लाभदायक हो। यही से लूना की शुरुआत हुई।

आज यह ब्यूटी ब्रांड प्राकृतिक, सुरक्षित और प्रभावी मेकअप और स्किनकेयर प्रोडक्ट्स की पहचान बन चुका है। खास इंडियन स्कीन टोन को ध्यान में रखते हुए इसके कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स को डिजाइन किया गया है। इसके साथ ही नेचुरल इंग्रीडिएंट्स से बने लूना के सभी प्रोडक्ट्स पूरी तरह से हर्बल और वीगन हैं। इसके प्रोडक्ट रेंज में स्किन केयर, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, पर्सनल केयर और वैलनेस प्रोडक्ट्स शामिल है, जिन्हें मुख्य रूप से सुपरफ्रूट नोनी से बनाया गया है, जो स्किन को गहराई से पोषण देता है।

बतौर स्टार्टअप मुनमुन का फोकस सिर्फ प्रोडक्ट्स बनाने पर नहीं है, बल्कि हर प्रोडक्ट में व्यक्तिगत अनुभव जोड़ने पर भी है। ब्रांड की खास बात यह है कि यह हर स्किन टाइप के लिए अलग-अलग समाधान तैयार करता है, जो इसे बाजार में मौजूद मशीन-मेड प्रोडक्ट्स से अलग बनाता है।

इसके सभी प्रोडक्ट्स पुरुषों और महिलाओं दोनों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं ।

# सड़क पर निर्माण सामग्री रखने वालों को भरना होगा तगड़ा जुर्माना

■ वीडियोग्राफी कर भेजा जाएगा ई-चालान



**रायपुर।** अगर आप सड़क पर निर्माण सामग्री या कोई भी सामान रखकर रास्ता घेरते हैं, तो सावधान हो जाइए. अब रायपुर नगर पालिका निगम ने ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई का ऐलान कर दिया है. नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि सड़क पर मटेरियल या अन्य सामग्री रखने वालों की वीडियोग्राफी की जाएगी और उनके खिलाफ ई-चालान के माध्यम से जुर्माना लगाया जाएगा. यह कार्रवाई ठीक उसी तरह होगी, जैसे यातायात पुलिस ई-चालान करती है.

आयुक्त ने बताया कि सड़क पर सामान रखने पर 2,000 का जुर्माना लगाया जाएगा. इसके लिए निगम की टीम नियमित निरीक्षण करेगी. साथ ही निर्माण कार्यों सहित अन्य गतिविधियों में भी ई-चालान और ई-नोटिस जारी किए जाएंगे. इससे नगर निगम के कामकाज को ज्यादा पारदर्शी और नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाने का दावा किया गया है.

### सफाई व्यवस्था पर भी विशेष जोर

आयुक्त विश्वदीप ने मुख्य मार्गों, सार्वजनिक शौचालयों और बाजारों की सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा कि दुकानों के बाहर सड़क पर सामान फैलाने वालों पर भी वीडियोग्राफी कर कार्रवाई की जाएगी. नगर निगम ने साफ कर दिया है कि यातायात को सुगम बनाने के लिए यह अभियान लगातार चलाया जाएगा. नागरिकों से अपील की गई है कि सार्वजनिक स्थानों पर कोई अवरोधक सामग्री न रखें.

### जनदर्शन से मिले आवेदनों का त्वरित समाधान

आयुक्त ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, निदान 1100 और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्राप्त आमजनों के आवेदनों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं.

# नक्सली मुद्दे पर छिड़ी जुबानी जंग में चंद्राकर और बैज आमने-सामने



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद पर सत्ता और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है. कांग्रेस बीजेपी पर 15 साल के कार्यकाल में नक्सलवाद को पालने का आरोप लगाती है, वहीं बीजेपी कांग्रेस और नक्सलियों के बीच गहरे संबंध होने का की बात कहती है. आज भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला.

बीजेपी के वरिष्ठ नेता और विधायक अजय चंद्राकर ने नक्सलवाद को लेकर कांग्रेस को फिर घेरा है और नक्सलियों को कांग्रेस का दामाद बताया है. इसके साथ ही बस्तर के विकास में बाधा डालने और आदिवासियों पर शोषण करने का आरोप लगाया है. इस पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने पलटवार करते हुए सवाल किया है कि बीजेपी पहले ये बताए कि अमित शाह और नक्सलियों के बीच संबंध क्या है, जो शाह उन्हें भाई कहकर बुलाते हैं.

## एक नजर

### वरिष्ठ चिकित्सा शिक्षक डॉ. अरविन्द नेरल को दी गई विदाई




**रायपुर।** पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के वरिष्ठतम शिक्षक डॉ. अरविन्द नेरल को सेवानिवृत्ति के अवसर पर कॉलेज और मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन की ओर से अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में एक भावुक विदाई समारोह आयोजित किया गया। डॉ. नेरल ने 41 वर्षों तक संस्थान में पैथोलॉजी विभाग सहित फॉरेन्सिक मेडिसिन और माइक्रोबायोलॉजी जैसे तीन विभागों का नेतृत्व करते हुए उल्लेखनीय सेवाएं दीं। वे 31 वर्ष की उम्र से विभागाध्यक्ष रहे और 65 वर्ष की आयु तक सतत रूप से शिक्षा और चिकित्सा सेवा में संलग्न रहे। अपने करियर में 126 बार रक्तदान कर 44 लीटर रक्त देने वाले डॉ. नेरल को 'रक्तदानवीर' के रूप में जाना जाता है। एड्स जागरूकता, कोविड-19 के दौरान सेवा और सामाजिक कार्यों के लिए उन्हें राज्य सरकार द्वारा सम्मानित भी किया गया।

### राज्यपाल से महावीर अंतरमहाद्वीपीय सेवा संगठन के महासचिव ने की भेंट

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में महावीर अंतरमहाद्वीपीय सेवा संगठन के अंतरर्राष्ट्रीय महासचिव श्री वीर लोकेष कावड़िया ने सौजन्य भेंट की। संस्था द्वारा इंदौर में दिव्यांग सम्मेलन तथा रायपुर में रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल को आमंत्रित किया गया है।

### गांजा के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई थाना पुलिस ने व्यास तालाब चौक के पास गांजा के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 25 किलो 490 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर व्यास तालाब चौक के पास दबिश देकर आरोपी संतोष कुमार पंडाल 35 वर्ष सहित अन्य 2 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन तीनों के पास से 25 किलो 490 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब 2 लाख 51 हजार 500 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त के निधन पर महापौर व सभापति ने शोक व्यक्त किया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त के आकस्मिक निधन पर राजधानी शहर रायपुर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और नगर निगम सभापति श्री सूर्यकांत राठौड़ ने गहन शोक व्यक्त करते हुए परमपिता परमेश्वर के दिव्य श्रीचरणों में दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान हेतु विनम्र प्रार्थना की है। साथ ही सर्वशक्तिमान ईश्वर के दिव्य श्रीचरणों में दिवंगत आत्मा के समस्त परिवारजनों, ईष्टमित्रों, सहयोगियों को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु विनम्र प्रार्थना की है।

### मां शीतला का नीमपत्ती हल्दी से अभिषेक

**रायपुर।** पंडरी तराई के महामाया शीतला एवं काली माता मंदिर में गुरुवार को जुड़वास शांति अनुष्ठान हुआ।

जय महामाया शीतला मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सुबह माता शीतला का हल्दी, तेल और नीम की पत्ती से अभिषे किया गया। श्रृंगार के बाद दही और चनादाल का भोग लगाकर पूजा आरती की। इस दौरान लोगों ने माता से परिवार और क्षेत्र की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। दिनभर श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचते रहे। शाम को मांदर की थाप पर जसगान किया गया। मंदिर में 41 साल से इस परंपरा का निर्वाह किया जा रहा है।

# जीआरपी ने लौटाए ट्रेन से चोरी हुए 75 फोन



**रायपुर.** ट्रेन में या प्लेटफार्म में मोबाइल चोरी होने के बाद शायद ही किसी को उम्मीद रही होगी कि जीआरपी उनका मोबाइल ढूंढ कर देगी. लेकिन जीआरपी एसपी श्वेता सिन्हा कहती है कि यदि अब यदि किसी यात्री का मोबाइल चोरी या गुम हो जाएं तो वे निश्चिंत होकर ये भरोसा कर सकता है कि मोबाइल को ढूंढ़ने में जीआरपी उनकी पूरी मदद करेगी. ऐसे ही 75 परिवारों के चेहरे पर आज खुशियां लौटी जिनका मोबाइल ट्रेन या प्लेटफॉर्म से चोरी या गुमा था. जीआरपी एसपी कार्यालय में जीआरपी ने ऐसे ही 75 लोगों को उनके मोबाइल लौंटाएं है. ऐसा पहली बार हुआ है जब इतनी बड़ी संख्या में चोरी या गुमे मोबाइल जीआरपी ने लौंटाएं हो. जिन यात्रियों को उनके मोबाइल मिले उनका कहना था कि उन्होंने तो ये उम्मीद खो ही दी थी कि उनका मोबाइल कभी मिलेगा, लेकिन अपना मोबाइल मिलने के बाद वे काफी खुश है.

# खड़गे के दौरे को लेकर कांग्रेस मुख्यालय में बैठक

■ पूर्व सीएम बघेल, नेता प्रतिपक्ष महंत समेत कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में हुई तैयारियों की समीक्षा



**रायपुर.** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 7 जुलाई को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं. उनके दौरे को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं. इसी कड़ी में शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में अहम बैठक आयोजित की गई. बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे. बैठक में खड़गे की प्रस्तावित सभा की तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई.

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में यह बैठक हुई. बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे मौजूद रहे. वहीं सह प्रभारी, प्रदेश प्रभारी महामंत्री, पूर्व मंत्री, विधायक और रायपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष भी शामिल हुए. इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दौरे और सभा को लेकर चर्चा की जा रही है. सभा को सफल बनाने के लिए गठित विभिन्न समितियों की आज दिनभर बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिनमें अब तक की तैयारियों की समीक्षा और आगे की रणनीति को लेकर निर्देश दिए जाएंगे.

### 7 जुलाई को खड़गे का छत्तीसगढ़ दौरा

बता दें कि बीते दिनों छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने राजीव भवन में बैठक ली थी. इस दौरान उन्होंने मैराथॉन बैठकों के बाद घोषणा की थी कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे 7 जुलाई को छत्तीसगढ़ दौरे पर आएंगे.

इस दौरान विशाल रूप में किसान-जवान-संविधान सभा आयोजित की जाएगी.

# महतारी वंदन योजना से लाखों महिलाओं की बदली जिंदगी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की महिला सशक्तिकरण यात्रा में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ते हुए महतारी वंदन योजना आज प्रदेश की महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में इस योजना ने महिलाओं को न केवल आर्थिक संबल दिया है, बल्कि आत्मनिर्भर और गरिमामयी जीवन जीने की राह भी दिखाई है। इस योजना के अंतर्गत जशपुर जिले की 2 लाख से अधिक महिलाओं को मार्च 2024 से जून 2025 तक 342 करोड़ 39 लाख 31 हजार 950 रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई है। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि यह योजना जमीनी स्तर पर महिलाओं के जीवन में ठोस परिवर्तन ला रही है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से हर पात्र महिला को प्रति माह 1000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है।

# अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए तीर्थयात्री



**रायपुर।** 36 दिनों तक चलने वाली पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए शुक्रवार को रायपुर से श्रद्धालुओं का एक जत्था 'बम बम भोले' और 'हर हर महादेव' के जयकारों के बीच रवाना हुआ। रायपुर-दुर्ग हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस से सुबह 11 बजे यह जत्था यात्रा पर निकला। इस जत्थे का नेतृत्व जवाहर नगर मंडल अध्यक्ष संदीप जंघेल और मंडल प्रभारी अर्चना शुक्ला ने किया। बाबा बर्फानी के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं से संवाद करते हुए मंडल अध्यक्ष संदीप जंघेल ने सभी से निर्भय होकर आस्था और श्रद्धा के साथ यात्रा करने का आव्हान किया। मंडल प्रभारी अर्चना शुक्ला ने केंद्र सरकार द्वारा यात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाओं–विशेषकर सुरक्षा और सुविधा प्रबंधन–की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की मौजूदगी से श्रद्धालु पूरी तरह सुरक्षित हैं। यात्रा के शुभारंभ मौके पर मीडिया प्रभारी प्रणीत जैन और सोशल मीडिया प्रभारी सूरज साहू भी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी यात्रियों को पुष्पहार पहनाकर और भगवा गमछा भेंट कर भावपूर्ण विदाई दी।

# अब कोई भी विद्यालय शिक्षक विहीन नहीं

**रायपुर।** प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और संतुलित बनाने की दिशा में युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया से बेहतर परिणाम मिले हैं। प्रदेश में युक्तियुक्तकरण के पूर्व कुल 453 विद्यालय शिक्षक विहीन थे।

युक्तियुक्तकरण के पश्चात एक भी विद्यालय शिक्षक विहीन नहीं है। इसी प्रकार युक्तियुक्तकरण के पश्चात प्रदेश के 5936 एकल शिक्षकीय विद्यालयों में से 4728 विद्यालयों में शिक्षकों की पदस्थापना की गई है जो कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक सार्थक कदम है, जिससे निःसंदेह उन विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था में सुधार होगा और अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा।

# राज्यपाल से वाटर वुमेन ने की सौजन्य भेंट

## नदियों के किनारे लगाए 25 लाख पौधे : शिप्रा



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में वाटर वुमेन और पंचतत्व फाउंडेशन नोएडा (उ.प्र) की संस्थापक सुश्री शिप्रा पाठक ने सौजन्य भेंट की। सुश्री पाठक ने बताया कि उन्होंने आयोध्या से रामेश्वरम तक पद यात्रा की है साथ ही गोमती एवं सरयू नदी के उद्गम से लेकर समागम तक यात्रा कर 25 लाख पौधे नदियों के किनारे लगाए और नदियों की सफाई के लिए लोगों को जागरूक किया। इस अभियान में उनके साथ 15 लाख लोग जुड़े हुए है। छत्तीसगढ़ में भी यह अभियान चलाया जाएगा जिसमें विद्यार्थियों, युवाओं, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थानों को जोड़ा जाएगा। डेका ने पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने भी राज्यपाल को सिंदूर का पौधा भेंट किया। इस अवसर पर फाउंडेशन के सदस्य प्रोफेसर श्री हरिशंकर सिंह उपस्थित थे।

# उत्तरी और दक्षिण छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा की चेतावनी

■ चक्रीय चक्रवात और द्रोणिका के कारण मानसून का विस्तार



**रायपुर।** प्रदेश के उत्तरी एवं दक्षिण छत्तीसगढ़ में इस समय चक्रिय चक्रवात द्रोणिका के कारण वर्षा हो रही है। रायगढ़ में रिकॉर्ड वर्षा होने के कारण कई घरों में पानी भर गया है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के अनेक भागों में मानसून सक्रिय हो गया है। डॉ. चन्द्रा के अनुसार इस समय मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर सक्रिय है तथा यह ओड़िसा से होकर छत्तीसगढ़ की ओर आ रहा है।

बीकानेर, शिवपुरी, खजुराहो, डाल्टनगंज, दीघा और उसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश और उससे लगे क्षेत्र के उपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है ।

एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तरी ओडीसा और उससे लगे गंगेटिक पश्चिम बंगाल के उपर 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर-पूर्व अरब सागर से उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक उत्तर छत्तीसगढ होते हुए 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है । प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की सम्भावना है । प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की सम्भावना है । भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर छत्तीसगढ के जिले तथा बस्तर संभाग के दक्षिणी जिले में संभावित है।

# राजधानी को जल्द ही मिलने जा रहा है एक और एक्सप्रेस-वे

## बड़ी आबादी को ट्रैफिक की समस्या से मिलेगी निजात



**रायपुर।** रायपुर में पंडरी और मोवा से जोरा, नया रायपुर और एयरपोर्ट जाने का रास्ता आने वाले दिनों में आसान होने वाला है। रोजाना ट्रैफिक में फंसने या सिग्नल पर रुकने की झंझट भी नहीं रहेगी। क्योंकि मोवा से जोरा के बीच 14.7 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेस-वे-2 बनने जा रहा है। जो सीधे बिना सिग्नल और रुकावट के जोरा तक कनेक्टिविटी देगा। जिससे नया रायपुर और एयरपोर्ट जाने वालों का सफर आसान हो जाएगा। 1295 करोड़ की लागत से बन रहा ये प्रोजेक्ट, करीब 5 लाख लोगों का रोज का सफर 10 मिनट में पूरा कर देगा, जो अब तक आधे घंटे से ज्यादा का होता था।

एक्सप्रेस-वे 2 को पिरदा रेलवे क्रासिंग से होते हुए सीधे कृषि विश्वविद्यालय के पास नवा रायपुर की सड़क से जोड़ा जाएगा।

अभी मोवा से जोरा जाने के लिए शहरवासियों को लोधीपारा से मंडी गेट, शंकर नगर, खम्हारडीह, तेलीबांधा, लाभांडी जैसे 7 बड़े सिग्नलों से गुजरना पड़ता है। ट्रैफिक लोड, अतिक्रमण और चौक-चौराहों पर लगातार बढ़ती भीड़ के कारण सफर सुस्त और थकाऊ हो गया है। गर्मी हो या बारिश, हर मौसम में ये रास्ता परेशानी भरा बन चुका है। लेकिन नया एक्सप्रेस-वे इस पूरी स्थिति को बदल देगा। एक्सप्रेस-वे और फ्लाईओवर बनने से ट्रैफिक जाम से लोगों को राहत मिलेगी।

### 45 मीटर चौड़ी होगी सड़क

ये सड़क सीधे मोवा रेलवे क्रॉसिंग से शुरू होकर शंकर नगर, खम्हारडीह, कचना, लाभांडी होते हुए जोरा तक जाएगी। पूरी सड़क 45 मीटर चौड़ी होगी और इसमें कहीं भी सिग्नल नहीं होगा। दो बड़े फ्लाइओवर शंकर नगर और कचना में डबल डेकर स्ट्रक्चर के रूप में बनेंगे। इसके अलावा परसदा रेलवे क्रॉसिंग पर भी एक ओवरब्रिज प्रस्तावित है।

### बिना रेलवे जमीन लिए बनाने की तैयारी

इस हाईटेक रोड की सबसे बड़ी बात यह है कि इस पूरे एक्सप्रेस-वे को बनाने के लिए रेलवे की एक इंच भी जमीन नहीं ली जाएगी। यह रायपुर के लिए एक टेक्निकल इनोवेशन जैसा है, क्योंकि रेलवे जमीन अधिग्रहण की जटिलताओं के चलते कई प्रोजेक्ट अटक जाते हैं।

पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक रायपुर-विजयवाड़ा रेलवे लाइन भविष्य में थ्री या फोर ट्रैक हो सकती है, इसलिए उस जमीन को हाथ नहीं लगाया जाएगा।

# सिलाई में डिप्लोमा महिलाओं को महापौर ने किया सम्मानित


**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा महाराणा प्रताप स्कूल परिसर में आदिवासी छात्रावास में चूड़ी लाईन शनि मन्दिर के समीप संचालित व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र में सिलाई के छह माह के सिलाई व्यवसायिक (डिप्लोमा ) प्रशिक्षण में प्रशिक्षित 60 महिलाओं को आज नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने सिलाई प्रमाणपत्र (डिप्लोमा)प्रदत्त कर उनका उत्साहवर्धन किया.

प्रशिक्षण केन्द्र की प्रभारी श्रीमती राधा साहू ने महापौर श्रीमती मीनल चौबे को बताया कि रायपुर मगर निगम द्वारा महिलाओं के संबल के लिये विगत 45 वर्षों से वर्ष 1980 से निरन्तर व्यबसायिक प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन किया जा रहा हैं.

प्रशिक्षण केन्द्र में महिलाओं और युवतियों की दो बेच लगाई जाती है.

# पीएचई के नए प्रमुख अभियंता की दौड़ में राजेश गुप्ता आगे

## वर्तमान प्रमुख अभियंता शांडिल्य हो रहे सेवानिवृत्त




**रायपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता के पद के लिए संभावित दावेदार अधिकारी भाग-दौड़ कर रहे हैं। बताया जाता है कि प्रमुख अभियंता शांडिल्य अगले महीने अवकाश ग्रहण करने जा रहे हैं। विभाग में राजेश गुप्ता सबसे वरिष्ठ अधिकारी हैं, जिनके नए प्रमुख अभियंता बनने की संभावना बताई जा रही है।

राज्य के लोक निर्माण एवं सिंचाई विभाग में जहां चालू प्रभार का खेल चल रह है। वहीं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में इस समय नए प्रमुख अभियंता को लेकर कवायद तेज हो गई है। राज्य में पीएचई कहे जाने वाले इस विभाग का सेटअप काफी बड़ा है। विभाग में पाइप खरीदी सहित नलकूप खनन एवं अन्य कार्य किए जाते हैं। सभी नगर निगम में जल प्रदाय विभाग में इस विभाग के अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर जाते हैं। जिसके कारण इस विभाग का महत्व है। विभाग द्वारा जल जीवन मिशन का भी संचालन किया जाता है। यह विश्व बैंक की एक महत्वपूर्ण योजना है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार प्रमुख अभियंता के लिए कई दावेदार सामने आए हैं, लेकिन सबसे वरिष्ठ अधिकारी का चयन किया जाएगा। राजेश गुप्ता सबसे वरिष्ठ अधिकारी हैं। राज्य में पीएचई में भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। इसमें डिग्री धारियों का आवेदन नहीं लिया गया। जिसको लेकर विधानसभा में सरकार को विधायक राजेश मूणत ने घेरा था। बताया जाता है कि अब वे डिग्रीधारी इंजीनियर कोर्ट की शरण में चले गए हैं। जहां उन्हें न्याय मिल गया है, विभागीय अधिकारियों के अनुसार इस संबंध में अभी कोई टिप्पणी नहीं की जाएगी, जब तक हाई कोर्ट का आदेश प्राप्त नहीं हो पाएगा। आदेश प्राप्त होने के बाद ही इस पर कोई टिप्पणी की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26